CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

26

श्रीराधामाधवौ विजयेते

श्रीहरिवल्लभास्तोत्रम्

पाण्डेयोपाह्वेन रामनारायणदत्तशास्त्रिणा
श्रीराधामाधवकृपयाऽऽविष्कृतम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीराधामाधवौ विजयेते

श्रीहरिवल्लभास्तोत्रम्

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5



पाण्डेयोपाह्वेन रामनारायणदत्तशास्त्रिणा

श्रीराधामाधवकृपयाऽऽविष्कृतम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशकः—
श्रीचिम्मन लाल गोस्वामी एम० ए० शास्त्री
गीतावाटिका १
शाहपुर, गोरखपुर

आ...ाय-ग्र...था...य,
भरतनिधि, ...
वाराणसी-5

संवत् २०२३ (श्रीराधाष्टमी)
प्रथमं संस्करणम् १०००

मुद्रकः—
बलदेवदास
संसार प्रेस, संसार लिमिटेड,
काशीपुरा, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

मङ्गलम्

चन्देऽधिपर्वविमलेन्दुनिखर्वगर्व-
सर्वस्वहारि वदनं वृषभानुजायाः ।
यस्यच्छटालवसुधां स्वदितुं सतृष्णः
कृष्णो रमाचिंतपदोऽपि रतिं न विन्देत् ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समर्पणम्

श्रीराधामाधवप्रीतये तत्स्वरूपयोः पित्रोः श्रीमोती-
रानीदेवीश्रीविष्णुदत्तपाण्डेययोः स्मरणपूर्वकं
श्रीराधामाधवचरणारविन्दयोरेव
स्तोत्रप्रसूनाञ्जलिरयं
समुपह्रियते ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शुभाशंसनम्

सर्वान् पुमर्थनिकरान् ध्रुवमर्पयन्ती
दोषव्रजांश्च हृदयादपसारयन्ती ।
मन्दस्मितं विदधती ददती सुखं वो
देवी गिरां लसति कापि दयार्द्रभावा ।। १ ।।

आपन्निवारणपुरःसरसर्वसम्पत्-
सम्प्राप्तिसाधनमयी भुवि कामधेनुः ।
पूर्णप्रमोदमधुरामृतमास्रवन्ती
वात्सल्यमूर्तिरवतात् कविभारतीयम् ।। २ ।।

मध्ये मुहुः कृष्णमुखारविन्दं विलोकयन्ती रसिकेक्षणाभ्याम् ।
तृणं कराग्रेण निवारयन्ती विलोलयन्ती च मृणालसूत्रम् ।। ३ ।।
हास्यैः सखीवाक्यमपार्थयन्ती निद्रामिषेणाक्षि निमीलयन्ती ।
नखं नखाग्रेण विघट्टयन्ती विवर्तयन्ती वलयं विलोलम् ।। ४ ।।
आमन्द्रमासिञ्जितनूपुरेण पादेन मन्दं भुवमालिखन्ती ।
सा राधिका हृत्पटले वसन्ती सञ्जायतामद्य मुदे कवीनाम् ।।५।।

श्रीराधिकाऽऽराधि महाधिकाम-
क्रोधादिशून्येन हि येन सोऽयम् ।
श्रीरामनारायणपण्डितेन्द्रो
हरिप्रियास्तोत्रमिदं चकार ।। ६ ।।

लोकोत्तरं छविगृहं कवितालताया
मन्दस्मितं यमकमण्डलराजलक्ष्म्याः ।
स्तुत्यं सतां सुमनसामभिमानभूमिं
नारायणं कविवरं किमु वर्णयामि ।। ७ ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पीयूषगर्वशमनं वचनं स्वकीय-
शिष्योपकारसदयं हृदयं वहन्तम् ।
सत्काव्यपुष्परचितां स्रजमादधानं
नारायणं सुकृतिनामभिनन्दयामि ॥ ८ ॥

अत्रैव चित्रं यमकप्रपञ्चं पद्यान्तभागे परिशोभमानम् ।
विचिन्त्य किञ्चिन्न हि वक्तुमीशे हर्षाब्धिकल्लोलितमानसोऽहम् ॥९॥

वित्तं तथास्ति न हि मे न तथास्ति चान्यद्
येनाद्य तुष्यतु यथा भवदन्तरङ्गम् ।
चित्तं परं तु भवतां हृदयारविन्दे
भृङ्गायमाणमनिशं समुपाहरामि ॥ १० ॥

स्तोत्रं पठेद् यः परया सुभक्त्या
पुनः पुनश्चेदमतीव रम्यम् ।
पूर्णा भविष्यन्ति मनोरथास्ते
ये ये भवेयुः खलु तस्य पुंसः ॥ ११ ॥

त्वदीयचरणाम्बुजं न च रणाम्बुजन्मालया
प्रतीपतु हरिप्रिये सकरुणं मयीत्यर्थये ।
भविष्यति तदैव मे सफलजीवनं जीवनं
यदैव हरिवल्लभे तु हरिवल्लभे त्वामहम् ॥१२॥

शुभाशंसी--
श्रीरामकुबेरमालवीयः एम० ए०
(साहित्याचार्यः)
साहित्यविभागाध्यक्षः
(वाराणसेयसंस्कृतविश्वविद्यालयीयः)
श्रीराधाष्टमी संवत् २०३३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आनन्दाय-पुस्तकालय,
भरतमिलाप, भदैनी,
वाराणसी-5

स्मरणम्

(जगतां परमगुरोः परमसुहृदश्च)

ओक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम् ।
सुहृदं सर्वभूतानां कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम् ॥
गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुरेव महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

(सुहृद्द्वयस्य)

स्वामी श्रीचक्रधरः सुधीश्च हनुमान्प्रसादपोद्दारः ।
सुहृदौ सुहृदौ लोके राधामाधवरसप्रदानपरौ ॥

(दीक्षागुरोः)

शास्त्रैः षण्मुखमनिशं विद्याप्रतिभाख्यशक्तिधरमपरम् ।
शिववालकमिव वन्दे शिववालकशुक्लमात्मगुरुममलम् ॥

(शिक्षागुरूणाम्)

आदौ रामचरित्रं गुरुमाद्यं नौमि लोकभाषायाः ।
वागीश्वरीप्रसादं गुरुमपरं सत्कविप्रवरम् ॥
तदनु हरिहरं वन्दे देशिकमिह सुरगिरामहं प्रथमम् ।
श्रीश्यामसुन्दरबुधं कविमपि लालित्यलहरीणाम् ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कविपतिमुमापतिमहं स्तुतेः शिवायाः श्रये प्रणेतारम् ।
मृदु पारिजातहरणं येन कृतं नव्यकाव्यमनवद्यम् ॥

सुहृदं तस्य गुरुवरं काशीनाथं सुधीसुधानिलयम् ।
नौमि सुकृतिनां काम्यं काव्यं यो व्यकृत रुक्मिणीहरणम् ॥

रामाज्ञायुधसहितं तन्त्रेष्वखिलेषु चाप्यपरतन्त्रम् ।
हाराणचन्द्रभट्टाचार्यं नौमि च मुकुन्दशास्त्रिवरम् ॥

प्राज्ञं पण्डितराजं राजेश्वरशास्त्रिणं गुरुं द्रविडम् ।
नैयायिकमूर्धन्यं धन्यं ध्यायामि राजनीतिविदम् ॥

सूचना

पृष्ठ संख्या ३२ की प्रथम पंक्ति में 'किरण से देखकर' के स्थान में कृपया 'किरण से' पढ़ें ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

[?]न्नाय-ग्रन्थालय,
भारतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

श्रीराधामाधवौ विजयेते

श्रीहरिवल्लभास्तोत्रम्

मङ्गलाचरणम्

भुवि हिता विहिताखिलसत्क्रिया
नरहिता रहिताखिलदूषणैः ।
वसुहिताऽसुहितास्तु हिताय मे
समहिता महिता हरिवल्लभा ॥ १ ॥

अन्वयः—भुवि हिता, विहिताखिलसत्क्रिया, नरहिता अखिलदूषणैः रहिता, वसुहिता, असुहिता, समहिता, महिता हरिवल्लभा मे हिताय अस्तु ॥ १ ॥

अर्थ—जो इस भूतल पर एकमात्र हितकारिणी हैं, जिन्होंने स्वभावतः सम्पूर्ण सत्कर्मों का अनुष्ठान पूर्ण कर लिया है, जो मानवमात्र की हितैषिणी हैं, जिनमें समस्त दोषों का सर्वथा अभाव है, जो धन-रत्न आदि की प्राप्ति करानेवाली, प्राणों की रक्षा करनेवाली, सम्पूर्ण प्राणियों का हित चाहनेवाली तथा सर्वपूजिता हैं; वे श्रीहरिवल्लभा श्रीराधा मेरे लिये कल्याणकारिणी हों ॥ १ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरुचिन्तनम्

विनयतेऽनुदिनं　　　परिसेवनं
　　रहसि नित्यकिशोरयुगस्य या ।
गुरुममूं　　　परमामहमाश्रये
　　सुललितां ललितां करुणामयीम् ।। २ ।।

अन्वयः—या अनुदिनम् नित्यकिशोरयुगस्य रहसि परिसेवनम् विनयते, असुम् परमाम् निजगुरुम् सुललित्ताम् करुणामयीम् ललिताम् आश्रये ।।१।।

अर्थ—जो प्रतिदिन अपनी शिष्याओं को नित्य युगल किशोर प्रिया-प्रियतम की एकान्तसेवा का ढंग सिखाती रहती हैं; उन अपनी परमगुरुस्वरूपा सुललितकलेवरा करुणामयी श्रीललिता सखी की मैं शरण लेती हूँ ।। २ ।।

मञ्जरीस्मृतिः

दयितयोरनुरक्तधियोर्मिथः
　　सततसौख्यविधानपरायणाम् ।
अनुसराम्यथ　कामपि　मञ्जरीं
　　परहितां रहितां सुखवाञ्छया ।। ३ ।।

अन्वयः—मिथः अनुरक्तधियोः दयितयोः सततसौख्यविधानपरायणाम् सुखवाञ्छया रहिताम् परहिताम् काम् अपि मञ्जरीम् अनुसरामि ।। ३ ।।

अर्थ—जो परस्पर नित्य अनुरक्त चित्तवाले प्रिया-प्रियतम को सुख पहुँचाने के कार्य में सदा संलग्न रहती है; अपने सुख की वाञ्छा से सर्वथा रहित है और परहितसाधन में तत्पर रहती है,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उस किसी विलक्षण स्वभाववाली मञ्जरी सखी का मैं अनुसरण करती हूँ ॥ ३ ॥

परमधामस्तुतिः

चरणपङ्कजधूलिकणान् सदा
किरसि यत्र चिदात्मनि धामनि ।
जयति सा मधुसूदनमोहिनी
तव रसा वरसानुनृपात्मजे ॥ ४ ॥

अन्वयः—वरसानुनृपात्मजे ! यत्र चिदात्मनि धामनि (त्वम्) सदा चरणपङ्कजधूलिकणान् किरसि सा मधुसूदनमोहिनी तव रसा जयति ॥४॥

अर्थ—हे वरसानुराजनन्दिनि ! अपने चिन्मय धाम की जिस धरा पर तुम सदा स्वकीय चरणारविन्दों की धूल बिखेरती रहती हो, वह मधुसूदन श्रीकृष्ण को मोहनेवाली तुम्हारी निवासभूमि नित्य विजयिनी है ॥ ४ ॥

आत्मनो गोपिकात्वम्

न जगतोऽस्म्यहमस्य तु कोऽपि का-
पि च शुभाशुभकृत्यविलोपिका ।
मनसि ते गुणगौरवरोपिका
तव हिताऽवहितास्म्ययि ! गोपिका ॥ ५ ॥

अन्वयः—अयि ! अहम् अस्य जगतः न तु कोऽपि (पुरुषः) नापि च कापि (स्त्री) अस्मि । अहं तु शुभाशुभकृत्याविलोपिका, मनसि ते गुणगौरवरोपिका तव हिता, अवहिता काचिद् गोपिका अस्मि ॥ ५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—हे श्रीराधे ! मैं इस प्राकृत जगत् का न तो कोई पुरुष हूँ और न स्त्री ही हूँ। मैं तो अपने शुभाशुभ कर्मों का लोप करनेवाली, मन में तुम्हारे गुण-गौरव का बीजारोपण करनेवाली, तुम्हारी हितैषिणी तथा सेवा में सदा सावधान रहनेवाली तुम्हारे परमधाम की कोई गोपी ही हूँ ॥ ५ ॥

सितं महः स्तौति

सति चिति व्रजधामनि गोगणै-
रनिशमध्युषिते परमं महः ।
विधुविरञ्चिशिवादिभिरञ्चितं
स्मर सितं रसितं रसिकेन्दुना ॥ ६ ॥

अन्वयः—गोगणैरनिशम् अध्युषिते सति चिति व्रजधामनि (गोलोके) विधुविरञ्चिशिवादिभिः अञ्चितम् रसिकेन्दुना (श्रीकृष्णेन) रसितं (यत्) सितम् परमम् महः (प्रकाशते तत्) स्मर ॥ ६ ॥

अर्थ—जहाँ नित्य असंख्य चिन्मय गौएँ निवास करती हैं, जो स्वयं भी सच्चिन्मय है, उस व्रजधाम (गोलोक) में विष्णु, ब्रह्मा एवं शिव आदि से पूजित प्रशंसित तथा रसिकशेखर श्रीकृष्ण द्वारा आस्वादित, जो गौरवर्ण का परम उत्कृष्ट तेज है, उसका हे मन ! तू सदा स्मरण किया कर ॥ ६ ॥

श्रुतिविमृग्यतमं विधिवन्दितं
किमपि कृष्णमहःपरिरम्भितम् ।
कनकगौरमहो मधुरं प्रियं
सुरुचिरं रुचिरञ्जितमाश्रये ॥ ७ ॥

अन्वयः—श्रुतिविमृग्यतमम् विधिवन्दितम् कृष्णमहःपरिरम्भितम् मधुरम् प्रियम् सुरुचिरम् रुचिरञ्जितम् किमपि कनकगौरमहः आश्रये ॥७॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—जो श्रुतियों का प्रमुख अन्वेषणीय तत्त्व है, विधाता भी जिसकी वन्दना करते हैं, जो श्याम तेज से आलिङ्गित, मधुर, प्रिय, अत्यन्त सुन्दर तथा प्रभा से उद्भासित है, उस किसी अनिर्वचनीय कनककान्ति गौर तेज (श्रीराधा रानी) की मैं शरण लेती हूँ ॥ ७ ॥

परमधाम्नि स्वप्रकाशता

न हि रविर्न शशी न च विद्युतः
परमधाम्नि विभान्ति परात्परे ।
द्युतिमति प्रभया प्रिययोः सदा
विहरतोर्हरतोर्भजतां भयम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—भजताम् भयम् हरतोः सदा विहरतोः प्रिययोः प्रभया द्युतिमति परात्परे परमधाम्नि न हि रविः, न शशी, न च विद्युतः विभान्ति ॥ ८ ॥

अर्थ—भजनपरायण भक्तों के भयका अपहरण तथा नित्य-निरन्तर विहार करनेवाले प्रिया-प्रियतम की अनन्त प्रभा से प्रकाशमान परात्पर परम धाम गो-लोक में न तो सूर्य का प्रकाश है, न चन्द्रमा की चाँदनी फैलती है और न विजलियाँ ही चमकती हैं ॥ ८ ॥

प्रादुर्भावः

न रतिमाप पुरा हरिरेकलः
सहचरीं चकमे किल कामपि ।
तदनु वामतनोरुदिता द्रुतं
विजयतां जयतां जयिनः प्रिया ॥ ९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—पुरा किल एकलः हरिः रतिम् न आप, अतः काम् अपि सहचरीम् चकमे। तदनु जयताम् जयिनः हरेः वामतनोः द्रुतम् उदिता प्रिया विजयताम् ॥ ९ ॥

अर्थ—कहते हैं—पूर्वकाल में (महाप्रलय के अन्तिम काल में) एकाकी होने से लीलापुरुषोत्तम श्रीहरि को मनोविनोद—क्रीडा का अवसर नहीं मिला; अतः उन्होंने किन्हीं जीवनसंगिनी की कामना की*। उनका ऐसा संकल्प होने पर तत्काल ही विजयि-विजयी श्रीहरि के वाम अङ्ग से प्रिया श्रीराधा रानी प्रकट हो गयीं। उन श्रीहरिप्रिया की जय हो ॥ ९ ॥

आविर्भावतिरोभावौ नित्याया आह्लादिन्या लीलामात्रम्

प्रकटनं च तिरोभवनं क्वचिद्
विलसितं युवयोः प्रिययोरिदम्।
सततमेव सतो रममाणयो-
रुपरमोऽपरमोहविकल्पितः ॥ १० ॥

---

* जैसा कि श्रुति कहती है—'स वै नैव रेमे तस्मादेकाकी न रमते। स द्वितीयमैच्छत्। स हैतावानास यथा स्त्रीपुमांसौ सम्परिष्वक्तौ स इममेवात्मानं द्वेधापातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्।' अर्थात् वह परमात्मा अकेला रममाण—क्रीडापरायण न हो सका, इसीसे एकाकी पुरुष रममाण नहीं होता। उसने दूसरे साथी की इच्छा की। वह जिस प्रकार आलिङ्गनपाश में बद्ध स्त्री-पुरुष होते हैं, वैसे ही परिमाणवाला हो गया, उसने अपने सच्चिदानन्दघन आत्मा को दो भागों में विभक्त कर डाला। फिर तो वे दोनों भाग पति-पत्नी हो गये। (बृहदा० १।४।३)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—क्वचित् प्रकटनम् च तिरोभवनम् इदम् सततम् एव सतोः रममाणयोः युवयोः प्रिययोः विलसितम् अस्ति, युवयोः उपरमः तु अपर-मोहविकल्पितः (अस्ति) ॥ १० ॥

अर्थ—कहीं प्रकट होना तथा तिरोहित हो जाना यह नित्य विद्यमान तथा सदा रमणशील आप दोनों प्रिया-प्रियतम का लीलाविलासमात्र है। आप दोनों की नित्य लीला का कभी उपराम होता है—यह मान्यता दूसरों की मोह-जनित कल्पना ही है ॥ १० ॥

लीलावलोकनं कृपासाध्यम्

निभृतनित्यनिकुञ्जनिकेतने
सति चिति प्रमदे प्रकृतेः परे ।
अनुगतैः कृपया तव राधिके
विलसितं लसितं परिलक्ष्यते ॥ ११ ॥

अन्वयः—राधिके ! प्रकृतेः परे सति चिति निभृतनित्यनिकुञ्ज-निकेतने (यत्) तव लसितम् विलसितम् अस्ति (तत्) अनुगतैः (जनैः ते) कृपया (एव) परिलक्ष्यते ॥ ११ ॥

अर्थ—हे श्रीराधिके ! प्राकृत प्रपञ्च से परे, सत्स्वरूप तथा चिन्मय, नित्य निभृत निकुञ्ज-निकेतन में जो तुम्हारा शोभाशाली लीलाविलास अखण्ड रूप से चलता रहता है, उसे तुम्हारे अनुगत जन तुम्हारी कृपा से ही देख पाते हैं ॥ ११ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गोपिकानां प्रादुर्भावः

दिनकरात् किरणा इव रश्मयः
शशधरादनलादपि चार्चिषः ।
त्वमतनोः स्वतनोरुरुगोपिकाः
प्रकटिताः कटितानवशोभिताः ॥ १२ ॥

अन्वयः—श्रीराधे ! दिनकरात् किरणाः, शशधरात् रश्मयः, अपि च अनलात् अर्चिषः इव त्वम् स्वतनोः प्रकटिताः कटितानवशोभिताः उरु-गोपिकाः अतनोः ॥ १२ ॥

अर्थ—श्रीराधे ! सूर्य से किरणों, चन्द्रमा से उसकी रश्मियों तथा अग्नि से चिनगारियों की भाँति तुम्हारे अपने शरीर से प्रकट हुई एवं कटिकी सूक्ष्मता से शोभा पानेवाली बहुत सी (असंख्य) गोपियों का तुमने विस्तार किया है (वे सब-की-सब तुम्हारी कायव्यूहस्वरूपा ही हैं) ॥ १२ ॥

लीलाविलासिन्याः स्तुतिः

जयति नीलमणेरुरसि स्थिता
कनकहारलतेव विराजिता ।
जलधरान्तरचञ्चलचञ्चला-
विलसिता लसिता वृषभानुजा ॥ १३ ॥

अन्वयः—नीलमणेः उरसि स्थिता कनकहारलता इव विराजिता जलधरान्तः अचञ्चलचञ्चलाविलसिता लसिता वृषभानुजा जयति ॥ १३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—नीलमणि (श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण) के वक्षःस्थल से लगकर सुवर्णमयी हार-लता सी शोभा पानेवाली तथा मेघमाला के भीतर सुस्थिर विद्युत् का-सा विलास प्रस्तुत करनेवाली शोभाशालिनी श्रीवृषभानुनन्दिनी की सदा ही विजय है ॥ १३ ॥

प्रलयसृष्टिविधानपरम्परा-
मतिगते निजधाम्नि सनातने ।
तव शुभे दयितेन सहानिशं
विहरणं हरणं निखिलैनसाम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—शुभे ! प्रलयसृष्टिविधानपरम्पराम् अतिगते सनातने निजधाम्नि तव दयितेन सह अनिशं विहरणं निखिलैनसां हरणम् अस्ति ॥ १४ ॥

अर्थ—कल्याणमयी श्रीराधे ! तुम्हारा सनातन निजधाम प्रलय-सृष्टि-विधान परम्परा से अतीत है, उसमें प्रियतम के साथ जो निरन्तर तुम्हारी विहारलीला चलती रहती है, वह चिन्तन की विषयभूत होने पर समस्त पापराशि का विनाश करनेवाली होती है ॥ १४ ॥

सखीभ्यो रसदा राधिका

सकलमञ्जुमनोरथसाधिकां
विविधविघ्नविपद्गणबाधिकाम् ।
सहचरीनिवहाय निरन्तरं
स्मर सदा रसदामिह राधिकाम् ॥ १५ ॥

२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—इह सकलमङ्गुमनोरथसाधिकाम् विविधविघ्नविपद्गण-बाधिकाम् सहचरीनिवहाय निरन्तरम् रसदाम् राधिकाम् सदा स्मर ॥ १५ ॥

अर्थ—जो इस लोक में सम्पूर्ण मङ्गुल मनोरथों को सिद्ध करने-वाली, नाना प्रकार के विघ्नों तथा विपत्तियों को दूर भगानेवाली तथा सखीजनों को निरन्तर प्रीतिरस प्रदान करनेवाली हैं; उन श्रीराधा रानी का (हे मन !) तू सदा स्मरण कर ॥ १५ ॥

अस्या गुणरूपयो रुचिरता

रसयते नितरामतितृष्णया
हरिरथापि न तृप्यति यामसौ ।
भवतु भानुसुतागुणरूपयो
रुचिरता चिरतापनिवारिणी ॥ १६ ॥

अन्वयः—हरिः याम् नितराम् अतितृष्णया रसयते अथापि न तृप्यति, असौ भानुसुतागुणरूपयोः रुचिरता चिरतापनिवारिणी भवतु ॥ १६ ॥

अर्थ—प्यारे श्यामसुन्दर जिसका निरन्तर अत्यन्त तृष्णा के साथ आस्वादन करते हैं, तथापि तृप्त नहीं होते हैं, श्रीवृषभानु-नन्दिनी के गुण तथा रूप की वह रुचिरता (मनोहरता) चिर-कालतक के लिये हम सबके त्रिविध तापों का निवारण करने-वाली हो ॥ १६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वपुःप्रभाप्रकर्षः

हरितमेव हरिं विदधाति या
निजवपुःप्रभया कनकाभया ।
जयति सा यतिसाधुसमीडिता
शुभवती भवती वृषभानुजा ॥ १७ ॥

अन्वयः—या कनकाभया निजवपुःप्रभया हरिम् हरितम् एव विदधाति सा यतिसाधुसमीडिता शुभवती भवती वृषभानुजा जयति ॥ १७ ॥

अर्थ—जो अपनी सुनहरी अङ्गकान्ति से श्यामसुन्दर को अवश्य ही हरितसुन्दर बना देती हैं; उन यतियों तथा साधुजनों द्वारा संस्तुत, शुभवती, पूजनीया वृषभानुनन्दिनी की सदा ही जय है। (मैं उनके चरणारविन्दों में प्रणत हूँ) ॥ १७ ॥

प्रियोगिनी राधा

प्रियतमेन समं मिलितानिशं
पुलककण्टकिता मुदितान्तरा ।
सरसभावमयी भवतान्मम
स्तवरसा वरसानुपनन्दिनी ॥ १८ ॥

अन्वयः—प्रियतमेन समम् अनिशम् मिलिता, पुलककण्टकिता, मुदितान्तरा सरसभावमयी वरसानुपनन्दिनी मम स्तवरसा (स्तवस्य भूमिः, स्तवप्रिया वा) भवतु ॥ १८ ॥

अर्थ—जिनका प्रियतम श्यामसुन्दर के साथ निरन्तर संयोग है, अतएव जिनके श्री अङ्गों में रोमाञ्च की शोभा लक्षित होती

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है तथा अन्तःकरण में आनन्द का समुद्र उमड़ आया है, वे सरस भावमयी, बरसानुनरेश की लाडिली श्रीराधा रानी मेरे स्तोत्र की भूमि (विषय) हों अथवा मेरे द्वारा की गयी स्तुति में रस लेनेवाली हों !! १८ ।।

निभृतकुञ्जनिकेतनमागतां
सपुलकां परितः परिरम्भिताम् ।
प्रियतमेन किमप्यथ राधिकां
समुदितां मुदितां हृदि चिन्तये ।। १९ ।।

अन्वयः—निभृतकुञ्जनिकेतनम् आगताम्, प्रियतमेन परितः परिरम्भिताम्, सपुलकाम् (प्रियेण) किमपि समुदिताम् (अत एव) मुदिताम् राधिकाम् हृदि चिन्तये ॥ १९ ॥

अर्थ—प्रिया ने निभृत निकुञ्जप्राङ्गण में पदार्पण किया है, वहाँ प्रियतम ने सब ओर से उन्हें अपने आलिङ्गनपाश में बाँध लिया है, जिससे उनके श्रीअङ्ग पुलकित हैं; उस समय प्यारे उनके कान में धीरे से कुछ कहते हैं, जिसे सुनकर किशोरी आनन्द-विभोर हो उठती हैं; ऐसी किशोरी श्रीराधा का मैं मन-ही-मन चिन्तन करती हूँ ।। १९ ।।

सकलकलालंकृता

स्वरलयान्वितगीतविशारदां
ततरवैरपि तर्जितशारदाम् ।
रसितकाव्यरसां स्मर राधिकां
सकलया कलया समलंकृताम् ।। २० ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—स्वरलयान्वितगीतविशारदाम् अपि ततरवैः तर्जितशारदाम्, रसितकाव्यरसाम्, सकलया कलया समलंकृताम् राधिकाम् स्मर ॥ २० ॥

अर्थ—जो स्वरलयसमन्वित गीत में विशारदा (परम चतुरा) हैं, वीणा आदि के वादन में जो शारदा को भी फटकार देने की क्षमता रखती हैं, जिन्होंने सदा काव्यरस का समास्वादन किया है; तथा जो सम्पूर्ण कलाओं से अलंकृत हैं; उन श्रीराधिका का (हे मन!) तू सदा चिन्तन करता रह ॥ २० ॥

मोहनमोहिनी

निजविलोलविलोचनलीलया
सुरविमोहनमोहनमोहिनी ।
मयि करोतु कृपां पुरुषोत्तम-
प्रियतमा यतमानससेविता ॥ २१ ॥

अन्वयः—निजविलोलविलोचनलीलया सुरविमोहनमोहनमोहिनी यतमानससेविता पुरुषोत्तमप्रियतमा मयि कृपां करोतु ॥ २१ ॥

अर्थ—जो अपने चञ्चल नेत्रों की कटाक्षलीला से देवताओं को भी मोहित करनेवाले मोहन—श्यामसुन्दर को मोह लेनेवाली हैं, तथा मन को काबू में रखनेवाले साधुजन जिनका सदा सेवन करते हैं; वे पुरुषोत्तम श्रीश्यामसुन्दर की प्रियतमा श्रीराधा रानी मुझपर कृपा करें ॥ २१ ॥

अस्या अनुग्रहप्रार्थना

अयि किशोरि कृपां कुरु किङ्करी-
मनुगृहाण गृहाण करद्वये ।
कृपणवत्सलता सहजा तव
क नु गतानुगतार्तिनिवारिणी ॥ २२ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वय—अयि किशोरि ! कृपां कुरु किङ्करीम् (माम्) अनुगृहाण, करद्वये गृहाण, अनुगतार्तिनिवारिणी तव सहजा कृपणवत्सलता नु क्व गता ? ॥ २२ ॥

अर्थ—हे किशोरीजी ! कृपा कीजिये, मुझ किङ्करी को अपनी अनुग्रहभागिनी बनाइये, इसके दोनों हाथ थाम लीजिये। देवि ! अनुगत जनों की पीड़ा दूर करनेवाली जो आपकी सहज (स्वाभाविक) दीनवत्सलता है; वह कहाँ चली गयी ? ॥ २२ ॥

अशरणशरण्यता

अशरणां शरणं समुपागतां
सुमुखि सान्त्वय सान्त्ववचोऽमृतैः ।
निजसखीसुखदे भवतीं विना
जगति काऽगतिकाश्रयदायिनी ? ॥ २३ ॥

अन्वय—सुमुखि ! अशरणाम् शरणम् समुपागताम् (माम्) सान्त्ववचोऽमृतैः सान्त्वय। निजसखीसुखदे ! जगति भवतीम् विना का अगतिकाश्रयदायिनी (अस्ति) ? ॥ २३ ॥

अर्थ—सुन्दरमुखवाली श्रीराधे ! और कहीं शरण न पाकर मैं तुम्हारी शरण में आयी हूँ, तुम अपने सान्त्वनापूर्ण वचनामृतों द्वारा आश्वासन दो। अपनी सखियों को सुख देनेवाली देवि ! संसार में तुम्हें छोड़कर दूसरी कौन अगतिकगतिदा (अशरण को शरण देने वाली) है ? ॥ २३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

[stamp]

उपालम्भोक्तिः

व्यतिगतानि युगानि कियन्त्यहो
न मिलितं पदयोस्तव सेवनम् ।
क्व नु गता करुणामयि राधिके
तव दया वद याऽऽश्रितपालिनी ? ॥ २४ ॥

अन्वय—करुणामयि राधिके ! कियन्ति युगानि व्यतीतानि किन्त्वहो ! तव पादयोः सेवनं न मिलितम् । या आश्रितपालिनी (सा) तव दया क्व गता (इति) वद ॥ २४ ॥

अर्थ—करुणामयि राधिके ! कितने युग बीत गये, किन्तु अब तक तुम्हारे चरणारविन्दों की सेवा मुझे नहीं मिली, यह कैसी आश्चर्य की बात है ? जो आश्रितजनों का पालन करनेवाली है, वह तुम्हारी दया कहाँ चली गयी ? यह तुम्हीं बताओ ॥ २४ ॥

दर्शनाभ्यर्थना

यदपि नाधिकृतास्मि तवेक्षणे
मम तथापि दृशौ परितर्पय ।
सुरधुनी न निवारयते नृणा-
मकृतिनां कृतिनामिव किं तृषम् ? ॥ २५ ॥

अन्वयः—यदपि तवेक्षणे अहं न अधिकृता अस्मि, तथापि मम दृशौ परितर्पय (इति मे प्रार्थना) किं सुरधुनी कृतिनाम् इव अकृतिनाम् नृणाम् तृषम् न निवारयति ? (निवारयत्येवेत्यर्थः) ॥ २५ ॥

अर्थ—देवि ! यद्यपि मैं तुम्हारे दर्शन की अधिकारिणी नहीं हूँ, तथापि तुम दर्शन देकर मेरे नेत्रों को तृप्त करो (यह मेरी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रार्थना है) क्या देवनदी गङ्गा पुण्यात्माओं की ही भाँति पुण्यहीन मनुष्यों की भी प्यास नहीं बुझाती हैं ? अवश्य बुझाती ही हैं। ॥ २५ ॥

त्वद्दते नान्या गतिः

त्वमसि देवि सखीजनवत्सला
सकरुणा सरसा मृदुलान्तरा ।
त्वमपि चेत् कृपणां न निरीक्षसे
क्व विलपानि लपानि कमद्य किम् ? ॥ २६ ॥

अन्वयः—देवि ! त्वम् सखीजनवत्सला सकरुणा सरसा मृदुलान्तरा असि । त्वम् अपि चेत् कृपणाम् (माम्) न निरीक्षसे तर्हि अद्य क्व (अहम्) विलपानि ? कम् किम् लपानि ? ॥ २६ ॥

अर्थ—देवि ! तुम सखियों पर स्नेह की वर्षा करनेवाली सदया, सरसहृदया और कोमल अन्तःकरणवाली हो; यदि तुम मुझ दीना की ओर नहीं देखती हो तो आज मैं कहाँ विलाप करूँ ? तथा किससे क्या कहूँ ? ॥ २६ ॥

त्वदाश्रितानामर्हता

अयि तवास्मि यदप्यधमास्म्यहं
तव समाश्रयणान्मयि चार्हता ।
क इव भाति न सौरभसम्पदा,
विमलया मलयात्रसथो द्रुमः ॥ २७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—अयि ! यदपि अहम् अधमा अस्मि (तथापि) तव अस्मि; तव समाश्रयणात् मयि च अर्हता (विद्यते) कः इव मलयावसथः द्रुमः विमलया सौरभसम्पदा न भाति ? (अवश्यं भातीत्यर्थः) ॥ २७ ॥

अर्थ—हे स्वामिनि ! यद्यपि मैं अधमा हूँ, तथापि हूँ तो तुम्हारी ही। तुम्हारा आश्रय लेने से मुझमें भी तुम्हारे दर्शन-सेवन की योग्यता है ही। भला, मलयपर्वत पर रहनेवाला कौन ऐसा वृक्ष है जो विमल सौरभ-सम्पत्ति से सुशोभित न होता हो ? ॥ २७ ॥

हरिप्रियासेवनस्यैव काम्यता

न विभवं न च वैभवमर्थये
न हि विरञ्चिपदं च समञ्चितम् ।
मम कृते तु सदैव हरिप्रिया
सुलभतां लभतां परिसेवितुम् ॥ २८ ॥

अन्वयः—अहम् विभवम् न, च वैभवम् न, च समञ्चितम् विरञ्चि-पदम् न हि अर्थये। मम कृते तु सदा हरिप्रिया एव परिसेवितुम् सुलभताम् लभताम् ॥ २८ ॥

अर्थ—मैं न तो विभव (धन), न वैभव (अणिमा आदि सिद्धि) और न सब प्रकार से पूजित-प्रशंसित ब्रह्माजी का पद ही चाहती हूँ; मेरे लिये तो सदा हरिप्रिया श्रीराधा ही अपनी सेवा कराने के निमित्त सुलभ होती रहें ॥ २८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अस्याः सर्वजनपालकता

निजगुणैरधमानपि वत्सले
त्वमनुपालयसे सततं जनान् ।
स्वरजसा मधुसौरभसञ्चयै-
र्न कमलं कमलङ्कुरुते सदा ॥ २९ ॥

अन्वयः—वत्सले ! त्वम् निजगुणैः अधमान् अपि जनान् सततम् अनुपालयसे; कमलम् स्वरजसा मधुसौरभसञ्चयैः सदा कम् न अलंकुरुते ॥ २९ ॥

अर्थ—वात्सल्यमयी श्रीराधे ! तुम अपने गुणों द्वारा अधम जनों का भी सतत पालन करती हो। कमल अपने पराग से तथा मकरन्द एवं सुगन्ध के संग्रहों द्वारा किसको अलंकृत नहीं करता है ? ॥ २९ ॥

मायावरणापनयनाय प्रार्थना

अपनय त्रिगुणावरणं क्षणा-
दथ च सन्तनु दिक्षु तनुप्रभाम् ।
किमवधूय घटां प्रकटां द्युतिं
दिनकरो न करोति निजां दिवि ॥ ३१ ॥

अन्वयः—देवि ! त्रिगुणावरणम् क्षणात् अपनय, अथ च दिक्षु तनुप्रभाम् सन्तनु; किम् दिनकरः घटाम् अवधूय दिवि निजाम् द्युतिम् प्रकटाम् न करोति ? ॥ ३० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—देवि ! त्रिगुणमयी माया का आवरण क्षणभर में हटा दो, (उस पर्दे को समेट लो, जो तुम्हें मेरी दृष्टि से ओझल बनाये हुए है) और सम्पूर्ण दिशाओं में अपने श्रीअङ्गों की प्रभा फैला दो। क्या सूर्यदेव मेघों की घटा को छिन्न-भिन्न करके आकाश में अपनी प्रभा को प्रकट नहीं करते हैं ? ॥ ३० ॥

अजयायास्तव नाजयाऽऽरणं घटते

त्वमजितस्य प्रियास्यजया स्वयं
न घटते त्वजयाऽऽवरणं तव ।
त्रिभुवनं प्रविभासयितू रवेः
क्व पिहिताऽपिहिता तरुणा प्रभा ॥ ३१ ॥

अन्वयः—त्वम् अजितस्य प्रिया असि, च स्वयम् अजया असि, अजया (मायया) तव आवरणम् न घटते । त्रिभुवनम् प्रविभासयितुः रवेः अपिहिता (अनावृता) प्रभा क्व तरुणा (वृक्षेण) पिहिता (भवति) ? ॥ ३१ ॥

अर्थ—तुम अजित (किसी से भी जीते न जा सकनेवाले श्रीहरि) की प्रिया हो और स्वयं भी अजया (अजेया) हो; अजा माया द्वारा तुम्हारा आवरण हो जाय—यह बात संगत नहीं है। त्रिभुवन को प्रकाशित करनेवाले सूर्यदेव की अनावृत प्रभा कहाँ किसी तरु (वृक्ष) से आवृत होती है ? ॥ ३१ ॥

विजयिनी जयसीह यतस्त्वया-
ऽयमजितोऽपि जितः स्ववशीकृतः ।
तव पदाब्जजुषां तव चान्तरे
कथमजेयमजेयतया स्थिता ॥ ३२ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—(श्रीराधे !) जयिनी (त्वम्) इह जयसि, यतः त्वया अयम् अजितः अपि जितः स्ववशीकृतः (विद्यते)। तव पदाब्जजुषाम् तव च अन्तरे इयम् अजा कथम् अजेयतया स्थिता (अस्ति) ? ॥ ३२ ॥

अर्थ—श्रीराधे ! तुम विजयशालिनी हो, इस लोकमें तुम्हारी सदा ही विजय है; क्योंकि तुमने किसी से भी नहीं जीते गये इन अजित श्रीकृष्ण को भी जीत लिया एवम् अपने वश में कर लिया है। फिर बताओ तो सही, तुम्हारी चरणसेविकाओं के और तुम्हारे बीच में यह अजा (माया) अजेय होकर कैसे स्थित है ? ॥ ३२ ॥

अस्याः सर्वरूपता

किमिह वस्तु च कालभिदा स्थलं
त्वमसि यन्न विभूतिभिरात्मनः ।
विहरते भवती बहिरन्तरे-
ऽप्यगहने गहने गिरिगह्वरे ॥ ३३ ॥

अन्वयः—इह किम् तद् वस्तु, का सा कालभिदा, किम् च तत् स्थलम् यत् आत्मनः विभूतिभिः (स्वविभूतिरूपतया) त्वम् न असि ? भवती बहिः अन्तरे अगहने गहने गिरिगह्वरे च (सर्वत्र) विहरते ॥३३॥

अर्थ—हरिवल्लभे ! यहां कौन-सी ऐसी वस्तु है, कौन-सा कालभेद है और कौन-सा ऐसा स्थल है, जो अपनी विभूतियों के रूप में तुम स्वयं नहीं हो ? तुम्हीं सबके बाहर, भीतर, अगहन (सुगम स्थान), गहन (दुर्गम वन) तथा पर्वतकन्दरा आदि सभी स्थानों में विहार करती हो ॥ ३३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अस्या अदर्शनेन मनोव्यथा

विलपितं वहुशो भृशमर्थितं
न रुदितं कतिधा परिदेवितम् ।
तव तथापि न भामिनि दर्शनं
वरतनोरतनोन् मनसो रुजम् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—भामिनि ! वहुशो विलपितम्, भृशम् अर्थितम्, कतिधा न रुदितम्, न परिदेवितम् तथापि यद् वरतनोः तव दर्शनम् न जातम्, तत् (मम) मनसो रुजम् अतनोत् ॥ ३४ ॥

अर्थ—भामिनि राधे ! मैंने वहुत विलाप किया, वड़ी प्रार्थना-याचना की, कितनी वार मैं नहीं रोयी ? कितनी वार मैंने करुण-कथा नहीं सुनायी ? तथापि शोभन श्रीविग्रह से सुशोभित तुम्हारा जो दर्शन नहीं मिल सका, उस (दर्शनाभाव) ने मेरे मन की व्यथा को वढ़ा दिया ॥ ३४ ॥

देहि दर्शनम्, अन्यथा नः परिदेवितेन तवापि पीडा स्यादित्याह—

विहितमावरणं निजमायया
समवधूय मुखं सखि दर्शय ।
पदजुषां तव नः परिदेवितं
सुतनु ते तनुते न मनोव्यथाम् ? ॥ ३५ ॥

अन्वयः—सखि ! निजमायया विहितम् आवरणम् समवधूय मुखम् दर्शय । सुतनु ! तव पदजुषाम् नः परिदेवितम् ते मनोव्यथाम् न तनुते ॥ ३५ ॥

अर्थ—सखि श्रीराधे ! अपनी मायाद्वारा रचित आवरण को हटा कर अपने श्रीमुख का दर्शन कराओ। सुन्दर अङ्गोंवाली

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हरिवल्लभे ! हम तुम्हारी चरणसेविकाएँ हैं, क्या हमारा करुण विलाप तुम्हारे मन की व्यथा को नहीं बढ़ा रहा है ? ॥ ३५ ॥

अस्याः कृपादृष्ट्या प्रतिकूलानामप्यनुकूलता

करुणया भवती यमवेक्षते
जगति तस्य कृते सकलं शुभम् ।
गरलमप्यमृतं ज्वलनो जलं
परिजनोऽरिजनोऽपि भवत्यहो ॥ ३६ ॥

अन्वयः—भवती करुणया यम् अवेक्षते, तस्य कृते जगति सकलम् शुभम् (भवति) । अहो (तस्य कृते) गरलम् अपि अमृतम् , ज्वलनः अपि जलम् तथा अरिजनः अपि परिजनः भवति ॥ ३६ ॥

अर्थ—श्रीराधे ! आप जिसे करुणामयी दृष्टि से देख लेती हैं, उसके लिये जगत् मे सब शुभ ही शुभ हो जाता है । अहो ! उसके लिये विष भी अमृत बन जाता है, आग भी पानी हो जाती है और शत्रु भी परिजन (सेवक) का काम देने लगता है ॥ ३६ ॥

अस्याश्चरणारविन्दचिन्तनम्

उडुगणैरधिसन्ध्यमिवाम्बरं
नखचयैः खचितं रुचिरं चिरम् ।
वृषरवेर्दुहितुश्चरणद्वयं
कमलिनीमलिनीकरणं वृणे ॥ ३७ ॥

अन्वयः—अधिसन्ध्यम् उडुगणैः खचितम् कमलिनीमलिनीकरणम् रुचिरम् अम्बरम् इव नखचयैः खचितम् कमलिनीमलिनीकरणम् चिरम् रुचिरम् वृषरवेः दुहितुः चरणद्वयम् (अहम्) वृणे (अत्र 'कमलिनी'-त्यादिपदस्योपमाने उपमेये चोभयत्र अन्वयः) ॥ ३७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—सन्ध्याकाल में विरल नक्षत्रों से युक्त तथा कमल की शोभा को मलिन करनेवाले रुचिर आकाश की भाँति सुशोभित जो नख-समूहों से खचित तथा अपनी शोभा से कमलिनी को मलिन कर-देने वाले चिर रुचिर श्रीवृषभानुनन्दिनी के युगल चरण हैं, मैं उनका वरण करती हूँ (वे मेरे जीवन के आराध्य हों) ॥ ३७ ॥

सुरवरैर्महितस्य　　मधुद्विषो
मुहुरहो　मुकुटेन　समर्चितम्
तव　सुमञ्जुपदाम्बुजयोर्युगं
परमया　रमयाऽऽश्रितमाश्रये ॥ ३८ ॥

अन्वयः—अहो ! सुरवरैः महितस्य मधुद्विषः मुकुटेन मुहुः समर्चितम् परमया रमया आश्रितम् तव सुमञ्जुपदाम्बुजयोः युगम् आश्रये ॥ ३८ ॥

अर्थ—अहो ! देवेश्वरों से पूजित मधुसूदन श्यामसुन्दर के मुकुट से जिनकी बारंबार अर्चना हुई है तथा सर्वोत्कृष्ट लक्ष्मी (शोभा) ने जिनका आश्रय लिया है; तुम्हारे उन युगल मञ्जुल चरणारविन्दों की मैं शरण लेती हूँ ॥ ३८ ॥

नखकरान्नु　ययोर्निहतप्रभाः
शशधरस्य　रवेरपि　कोटयः ।
वृषरवेर्दुहितुर्भुवि　तावुभौ
सुचरणौ　चरणौ　शरणं　वृणे ॥ ३९ ॥

अन्वयः—ययोः नखकरात् शशधरस्य रवेः अपि कोटयः नु निहत-प्रभाः जाताः, वृषरवेः दुहितुः तौ भुवि सुचरणौ उभौ चरणौ (अहम्) शरणम् वृणे ॥ ३९ ॥

आम्नाय-ग्रन्थालय,
...निधि. करौंदी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—जिनके प्रकाशमान नखों की किरण से देखकर कोटि-कोटि सूर्य और चन्द्रमा हतप्रभ हो गये हैं; श्रीवृषभानुनन्दिनी के उन भूतल पर मनोहर चाल से चलनेवाले युगल चरणों का मैं आश्रय लेती हूँ ॥ ३९ ॥

अयि सखीसुखदायिनि सेवितुं
तव लभेय कदा पदपङ्कजम् ।
यदनिशं हरिरक्षति रक्षति
यदलिभिर्दलिभिश्च निषेव्यते ॥ ४० ॥

अन्वयः—अयि सखीसुखदायिनि ! अहम् तव (तत्) पदपङ्कजम् कदा सेवितुम् लभेय, यत् हरिः अनिशम् अक्षति (क्षतिर्यथा न स्यात्तथा) रक्षति, च यत् दलिभिः अलिभिः निषेव्यते ॥ ४० ॥

अर्थ—हे सखियों को सुख देनेवाली श्रीराधे ! मैं तुम्हारे उन चरणारविन्दों को कब सेवा के लिए प्राप्त करूँगी, जिनकी श्रीहरि निरन्तर क्षति से बचाते हुए रक्षा करते हैं तथा झुंड के झुंड भ्रमर (अथवा भक्तजनों के मनरूपी मधुप) जिनका (पराग पाने के लिये) सेवन करते हैं ॥ ४० ॥

जयति मानिनि ते चरणद्वयं
सरति यन्नु हरेर्हरिता तनुः ।
स्वमुकुटप्रभयार्चति सादरं
सुमकरा मकराकृतिकुण्डला ॥ ४१ ॥

अन्वयः—मानिनि ! हरेः हरिता मकराकृतिकुण्डला तनुः सुमकरा सती नु यत् स्वमुकुटप्रभया सादरम् सरति (सानुरागम्) अर्चति तत् ते चरणद्वयम् जयति ॥ ४१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—मानिनि श्रीराधे ! श्रीहरि का हरित वर्णवाला मकराकृति कुण्डलों से अलंकृत श्रीविग्रह हाथ में पुष्प लिये निश्चय ही जिनकी सादर एवं सानुराग अर्चना करता है, उन तुम्हारे युगल चरणों की सदा ही विजय है ॥ ४१ ॥

पादपाथोजपांसुपरिशीलनम्

प्रणतकामदमार्तिहरं हरे-
रपि वरं वृषभानुतनूजने: ।
पटु पदाब्जरजः परिपातु मां
विमलयन्मलयन्त्रितमानसम् ॥ ४२ ॥

अन्वयः—प्रणतकामदम् , हरेः अपि आर्तिहरम् वृषभानुतनूजनेः वरम् पटु पदाब्जरजः मलयन्त्रितमानसम् विमलयत् सत् माम् परिपातु ॥ ४२ ॥

अर्थ—जो प्रणतजनों के मनोरथ को पूर्ण करनेवाला है तथा श्रीहरि की भी पीडा को हर लेनेवाला है, वह श्रीवृषभानुनन्दिनी का श्रेष्ठ एवं सर्वसमर्थ पादपङ्कजपराग मेरे मलाच्छन्न मानस को विमल बनाता हुआ मेरी सब ओर से रक्षा करे ॥ ४२ ॥

सुरमुनीश्वरयोगविदां गणै-
रनवगम्यगतेरपि शार्ङ्गिणः ।
द्रुतवशीकरणं भज भानुजा-
पदरजो दरजोरुरुजां हरम् ॥ ४३ ॥

अन्वयः—सुरमुनीश्वरयोगविदाम् गणैः अनवगम्यगतेः शार्ङ्गिणः अपि द्रुतवशीकरणम् दरजोरुरुजाम् हरम् भानुजापदरजः भज । (दराज्जाता दरजाः, दरजाश्च ता उरुरुजः दरजोरुरुजः, तासाम्—भयजनितानाम् बह्वीनाम् रोगाणाम् हरम् निवारकमित्यर्थः) ॥ ४३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—देवेश्वरों, मुनीश्वरों तथा योगियों के समूह भी जिनकी गति को नहीं जान पाते हैं, उन शार्ङ्गधन्वा श्यामसुन्दर को भी जो तत्काल वश में कर लेता है; तथा भयजनित महान् एवं बहु-संख्यक रोगों को भी हर लेने में समर्थ है, वृषभानुनन्दिनी के उस चरणपराग का भजन (चिन्तन) करो ॥ ४३ ॥

चरणनखानामुत्कर्षः

समुदिताः कनकाचलशेखरे
शशधरा इव रागभृतो दश ।
तव जयन्ति शुभे पदयोर्नखा
असमया समया प्रभयान्विताः ॥ ४४ ॥

अन्वयः—शुभे ! कनकाचलशेखरे समुदिताः दश रागभृतः शशधराः इव असमया समया प्रभयान्विताः तव पदयोः नखाः जयन्ति ॥ ४४ ॥

अर्थ—शुभे श्रीराधे ! सुवर्णमय मेरु पर्वत के शिखर पर उदित हुए दस रागयुक्त चन्द्रमाओं की भाँति अनुपम, लक्ष्मीयुक्त (अनुरूप अथवा संपूर्ण) प्रभापुंज द्वारा प्रकाशित होनेवाले तुम्हारे युगल चरणों के नखों की सर्वदा विजय है ॥ ४४ ॥

प्रपदस्तवनम्

विविधरत्नविभूषितयोस्तयो-
रुणपीतसिताम्बुजशोभयोः ।
रुचिरयावकरञ्जितयोस्तव
प्रपदयोः पदयोः सुषमां स्तुमः ॥ ४५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—विविधरत्नविभूषितयोः अरुणपीतसिताम्बुजशोभयोः रुचिरयावकरञ्जितयोः तयोः तव पदयोः प्रपदयोः सुषमाम् स्तुमः ॥४५॥

अर्थ—जो नाना प्रकार के रत्नमय आभूषण धारण करके अरुण, पीत एवं रक्त कमल की संयुक्त शोभा पा रहे हैं; तथा सुन्दर यावक-रस (महावर) से जिनको रँगा गया है, उन तुम्हारे युगल चरणों के प्रपदों (अग्रिम भागों) की सुषमा का हम दासियाँ स्तवन करती हैं ॥ ४५ ॥

जङ्घयोरतुल्यता

करसरोरुहलालितयोर्हरे-
द्युमणिदीप्तिजुषोस्तव जङ्घयोः ।
क्व तुलनाऽसुलभैः सुखसौभगै
रुचिरयोश्चिरयोगमुपेयुषोः ॥ ४६ ॥

अन्वयः—हरेः करसरोरुहलालितयोः द्युमणिदीप्तिजुषोः असुलभैः सुखसौभगैः रुचिरयोः चिरयोगम् उपेयुषोः तव जङ्घयोः क्व तुलना (अस्ति) ? ॥ ४६ ॥

अर्थ—श्रीहरि के करकमलों द्वारा जिनका लालन होता है, जो दिनमणि की-सी दीप्ति धारण करती हैं तथा दुर्लभ सुख-सौभाग्य के कारण अत्यन्त सुन्दर जान पड़ती हैं, उन चिर संयोग को प्राप्त तुम्हारी युगल जङ्घाओं (पिण्डलियों) की कहाँ तुलना है ? ॥ ४६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जान्वोर्जयित्वम्

मृदुलकोमलसुन्दरसानुनी
जननि ते जयतां युगजानुनी ।
निशि दिवा हरिरिच्छति दर्शनं
नरमणी रमणीयतया ययोः ॥ ४७ ॥

अन्वयः—जननि ! नरमणिः हरिः ययोः रमणीयतया निशि दिवा दर्शनम् इच्छति, ते (तव) ते मृदुलकोमलसुन्दरसानुनी युगजानुनी जयताम् ॥ ४७ ॥

अर्थ—जगदम्ब ! मानवजाति के मुकुटमणि श्यामसुन्दर श्रीहरि जिनकी रमणीयता के कारण उनका रात-दिन दर्शन करना चाहते हैं, तुम्हारे उन मृदुल, कोमल और सुन्दर शिखरवाले दोनों घुटनों की सदा जय हो ॥ ४७ ॥

ऊरुयुगस्यानौपम्यम्

क्व कदली क्व कराः करिणामये
जडतया पशुदेहतया स्थिताः ।
द्युतिमयोरुयुगस्य चिदात्मनः
क्व समताऽसमतार्हगुणस्य ते ॥ ४८ ॥

अन्वयः—अये ! जडतया स्थिता कदली क्व ? पशुदेहतया स्थिताः करिणाम् कराः क्व ? असमतार्हगुणस्य चिदात्मनः ते द्युतिमयोरुयुगस्य क्व समता (वर्तते) ॥ ४८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—हे श्रीराधे ! जड़रूप में स्थित कदली कहां और पशु के अङ्ग के रूप में स्थित हाथियों की सूँड़ें कहां ? (ये दोनों ही उपमा बनने के योग्य नहीं हैं)। जिनके गुणों की कहीं समता हो ही नहीं सकती उन तुम्हारे चिन्मय तथा द्युतिमान् ऊरुयुगल (जाँघों) की कहाँ तुलना है ? ॥ ४८ ॥

नितम्बभरालसगतेर्गुरुत्वम्

पृथुनितम्बभरेण तवालसा
विनयते कलहंसगणान् गतिः ।
त्वदधिकापि समापि च राधिके
क्व रमणी रमणीयतया वद ॥ ४९ ॥

अन्वयः—राधिके ! पृथुनितम्बभरेण अलसा तव गतिः कलहंसगणान् विनयते । रमणीयतया त्वदधिकापि त्वत्समापि च रमणी क्व विद्यते ? इति त्वमेव वद ॥ ४९ ॥

अर्थ—हे श्रीराधे ! पृथुल नितम्बों के भार से थकित-सी जो तुम्हारी मंद-मंद गति है, वह कलहंसों को मन्द-मनोहर गति की शिक्षा देती है। रमणीयता में तुमसे अधिक अथवा तुम्हारे समान भी रमणी कहां है ? यह तुम्हीं बताओ ॥ ४९ ॥

जघनदेशनिवेशितवीणया प्रियतमगुणगानम्

जघनदेशनिवेशितवीणया
प्रियतमस्य गृणासि गुणान् यदा ।
स्वयमपत्रपते गुणशंसिनी
सुचतुरा चतुराननसंगिनी ॥ ५० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—श्रीराधे जघनदेशनिवेशितवीणया यदा त्वम् प्रियतमस्य गुणान् गृणासि (तदा) गुणशंसिनी सुचतुरा चतुराननसंगिनी स्वयम् अपत्रपते (स्वस्याम् तादृशगानकलाया अभावात्) ॥ ५० ॥

अर्थ—श्रीराधे ! अपने जघनदेश में रखी हुई वीणा को झंकृत करके जब तुम प्रियतम के गुणों का वर्णन, स्तवन या गान करती हो; तब तुम्हारे गुणों की प्रशंसा करती हुई परम चतुरा चतुराननसंगिनी शारदा स्वयं लज्जित हो जाती हैं (क्योंकि उन्हें अपने में वैसी गान-कला नहीं प्रतीत होती है) ॥ ५० ॥

त्रिविधरतिलक्षणा त्रिवली स्तूयते

त्रिविधतामिव मूर्तिमतीं रते-
रयि दधास्युदरे त्रिवलीमिषात् ।
किमत एव कृशोदरि राधिके
स विजितोऽविजितोऽपि हरिस्त्वया ॥ ५१ ॥

अन्वयः—अयि ! कृशोदरि राधिके ! त्वम् उदरे त्रिवलीमिषात् रतेः मूर्तिमतीम् त्रिविधताम् इव दधासि । किम् अत एव त्वया अविजितः अपि स हरिः जितः ॥ ५१ ॥

अर्थ—हे कृशोदरि राधिके ! तुम अपने उदर में त्रिवली के बहाने मानो 'साधारणी', 'समञ्जसा' और 'समर्था के भेद से तीन प्रकार की मूर्तिमती रति को ही धारण करती हो । क्या इसी लिये तुमने अविजित श्रीहरि को भी जीत लिया है ? ॥ ५१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

[stamp]

तनुकटिमण्डले नीलमम्बरम्

तनुतया घटिते कटिमण्डले
मुखरिते रशनामृदुशिञ्जितैः ।
स्फुरति नीलमधोक्षजवल्लभं
खचितमञ्चितमंशुमदम्बरम् ॥ ५२ ॥

अन्वयः—तनुतया घटिते रशनामृदुशिञ्जितैः मुखरिते ते कटिमण्डले नीलम्, अधोक्षजवल्लभम्, खचितम् अञ्चितम्, अंशुमत् अम्बरम् स्फुरति ॥ ५२ ॥

अर्थ—श्रीराधे ! तुम्हारा कटिमण्डल मानो तनुता (सूक्ष्मता) से ही निर्मित हुआ है, तथा उसमें करधनी की मधुर झनकार हो रही है; उस कटिमण्डल में नीले रंग की, जो श्यामसुन्दर को प्रिय है, सुवर्णसूत्र से खचित (जरी के काम की), पूजित (प्रशंसित) तथा किरणजाल से शोभित साड़ी झलमला रही है ॥५२॥

भवतापनिवारकं स्तनयुगम्

नवलहीरकहारि मुरारिदृक्-
चपलखञ्जनचारुविहारभूः ।
स्तनयुगं तव भामिनि भासुरं
प्रभवताद् भवतापनिवारणे ॥ ५३ ॥

अन्वयः—भामिनि ! नवलहीरकहारि मुरारिदृक्चपलखञ्जनचारुविहारभूः तव भासुरम् स्तनयुगम् भवतापनिवारणे प्रभवतात् ॥ ५३ ॥

अर्थ—भामिनि राधे ! जो नये हीरकहार से सुशोभित हैं तथा मुरारि श्यामसुन्दर के चञ्चल नेत्ररूपी खञ्जरीटों के विहार-स्थल

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चने हुए हैं, वे तुम्हारे तेजस्वी स्तनयुगल (हम सखीजनों के) भवतापका निवारण करने में समर्थ एवं तत्पर हों ॥ ५३ ॥

गले मणिमालिका

तव गले रुचिरे रुचिरेक्षणे
कनककम्बुनिभे मणिमालिका ।
उभयतो गिरिशृङ्गमिवापगा
प्रतिविभाति विभामृतवाहिनी ॥ ५४ ॥

अन्वयः—रुचिरेक्षणे ! तव कनककम्बुनिभे रुचिरे गले विभामृत-वाहिनी मणिमालिका गिरिशृङ्गम् उभयतः आपगा इव प्रतिविभाति ॥५४॥

अर्थ—सुन्दर नेत्रोंवाली श्रीराधे ! सुवर्णमय शृङ्गसदृश सुन्दर तुम्हारे कण्ठ में प्रभामय अमृत को प्रवाहित करनेवाली स्यमन्तकमणिकी माला पर्वत-शिखर के उभयपार्श्व में बहनेवाली नदी के समान प्रतीत हो रही है ॥ ५४ ॥

हरिणा परिरम्भितायां प्रियायां यामुनगाङ्गसमागमच्छविमत्ता

सरभसं हरिणा परिरम्भिता
विपुलवक्षसि कण्ठतटे तथा ।
हरतु यामुनगाङ्गसमागम-
च्छविमती विमतीर्मम राधिका ॥ ५५ ॥

अन्वयः—हरिणा विपुलवक्षसि तथा कण्ठतटे सरभसम् परिरम्भिता (सती) यामुनगाङ्गसमागमच्छविमती राधिका मम विमतीः हरतु ॥५५॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—प्यारे श्यामसुन्दर जब प्रियाजी के विपुल वक्षःस्थल तथा कण्ठतट में सवेग आलिङ्गन करते हैं, उस समय श्याम-गौर कान्ति के संगम से वे गंगा-यमुना के समागम की छवि धारण करती हैं; वैसी छवि से सुशोभित श्रीराधिका मेरी विमतियों (खोटे विचारों) को हर लें ॥ ५५ ॥

भुजलतायुगस्यासमत्वम्

नखसुमं मृदु तेऽङ्गुलिपल्लवं
कमपि नव्यतमालमुपाश्रितम् ।
भुजलतायुगमाभरणं हरेः
क्व भुवने भुवनेशि ! समत्वभाक् ॥ ५६ ॥

अन्वयः—हे भुवनेशि ! नखसुमम् अङ्गुलिपल्लवम् कम् अपि नव्यतमालम् उपाश्रितम् हरेः आभरणम् ते मृदु भुजलतायुगम् भुवने क्व समत्वभाक् (अस्ति) ॥ ५६ ॥

अर्थ—भुवनेश्वरि राधे ! जिनमें नख ही प्रफुल्ल कुसुम हैं, अङ्गुलियाँ ही पल्लव हैं, जो किसी नूतन तमाल (श्यामसुन्दर) का आश्रय लेकर फैले हैं तथा श्रीहरि के लिये आभूषण (कण्ठ-हार) रूप हैं, तुम्हारे वे कोमल भुजलतायुगल संसार में कहाँ समानता धारण करते हैं ? ॥ ५६ ॥

सर्वाङ्गे सौन्दर्यमाधुर्यसौरभमार्दवादेरनौपम्यम्

लसति सुन्दरतानुपमा तनौ
मधुरता महती च तुलातिगा ।
अवयवेषु च ते शुचि सौरभं
सुमृदुता मृदुतामरसाधिका ॥ ५७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—(हरिवल्लभे !) ते तनौ अनुपमा सुन्दरता लसति च महती तुलातिगा मधुरता (लसति) च ते अवयवेषु शुचि सौरभम् (लसति), मृदुतामरसाधिका सुमृदुता (च लसति) ॥ ५७ ॥

अर्थ—हरिवल्लभे श्रीराधे ! तुम्हारे श्रीअङ्ग में अनुपम सुन्दरता शोभा पाती है, तुलनातीत महती मधुरता सुशोभित होती है, सभी अवयवों में पवित्र सुगन्ध व्याप्त है तथा सर्वाङ्ग में कोमल कमल से भी अधिक उत्तम मृदुता विलसित हो रही है ॥ ५७ ॥

भूषणानां प्रभातिशयः

विविधरत्नविनिर्मितमुद्रिका-
वलयकङ्कणकिङ्किणिकादिभिः ।
मणिमयैरथ हीरकमौक्तिकै-
स्तव विभाति विभातिशयस्तनौ ॥ ५८ ॥

अन्वयः—विविधरत्नविनिर्मितमुद्रिकावलयकङ्कणकिङ्किणिकादिभिः अथ मणिमयैः हीरकमौक्तिकैः च भूषणैः तव तनौ विभातिशयः विभाति ॥५८॥

अर्थ—श्रीराधे ! नाना प्रकार के रत्ननिर्मित मुद्रिका, वलय, कङ्कण, किङ्किणी आदि गहनों से तथा मणि, हीरा, मोती आदि के चमकीले आभूषणों से तुम्हारे शरीर पर अतिशय प्रभापुञ्ज-सा फैला जान पड़ता है ॥ ५८ ॥

हिमकरकोट्यतिशायिनी मुखचन्द्रप्रभा

तव शुभाननचन्द्रिरचन्द्रिका-
जलनिधावमृते विनिमज्जिताः ।
विदधते विहृतिं हरिवल्लभे
हिमकरा मकरा इव कोटिशः ॥ ५९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—हरिवल्लभे ! तव अमृते शुभाननचन्दिरचन्द्रिकाजलनिधौ विनिमज्जिताः कोटिशः हिमकराः मकराः इव विहृतिम् विदधते ।। ५९ ।।

अर्थ—हरिप्रिये ! तुम्हारे सुन्दर मुखचन्द्र की चन्द्रिका के अमृतमय महासागर में डूबे हुए करोड़ों हिमकर (चन्द्रमा) वहाँ मकर (मगर) की भाँति विहार करते हैं। (अर्थात् तुम्हारे मुख-चन्द्र के समक्ष एक साथ कोटि चन्द्रमा भी प्रभाहीन-से होकर विलीन हो जाते हैं) ।। ५९ ।।

अधरच्छविः

अरुणविम्बविभाधरमानने
त्वदधरं स्मितसान्द्रसुधाधरम् ।
शशिनि मङ्गलसङ्गमिवोल्लिखत्
सुमनसां मनसामपि मोदनम् ।। ६० ।।

अन्वयः—(श्रीराधे !) तव आनने अरुणबिम्बविभाधरम् स्मित-सान्द्रसुधाधरम् त्वदधरम् शशिनि मङ्गलसङ्गम् इव उल्लिखत् सुमनसाम् मनसाम् अपि मोदनम् (भवति) ।। ६० ।।

अर्थ—श्रीराधे ! तुम्हारे उज्ज्वल मुखमण्डल में जो प्रातः-कालिक अरुणबिम्ब की रक्तकान्ति को तथा मन्द मुसकान की स्निग्ध सुधा को धारण करनेवाला अधर है, वह चन्द्रमण्डल में मङ्गल के समागम की-सी छवि का उल्लेख (प्रदर्शन) करता हुआ देवताओं के मन के लिए भी मोदप्रद हो रहा है ।। ६० ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सदशना दशनावलिः

नवसुधा वसुधासु ययाऽशिता-
ऽधरगता मधुरा मधुमर्दिनः ।
चिबुकचारुमुखे तव सोज्ज्वला
सदशना दशनावलिरेधताम् ॥ ६१ ॥

अन्वयः—हरिप्रिये ! यया वसुधासु मधुमर्दिनः अधरगता मधुरा नवसुधा अशिता, तव चिबुकचारुमुखे सा उज्ज्वला सदशना दशनावलिः एधताम् ॥ ६१ ॥

अर्थ—हरिप्रिये ! जिसने वसुधा में मधुसूदन के अधर की मधुर एवं नूतन सुधा का आस्वादन किया है, चिबुक से अति मनोहर लगनेवाले तुम्हारे मुख की वह उज्ज्वल एवं सद्वस्तु (उत्तम पदार्थ) की आस्वादिका दन्तपङ्क्ति अभ्युदयशालिनी हो ॥ ६१ ॥

जितदर्पणं कपोलयुगम्

सुविमलात्मनि यत्र निजं हरिः
प्रतिदिनं प्रतिबिम्बमवेक्षते ।
तव कपोलयुगं जितदर्पणं
सति विभाति विभासितकुण्डलम् ॥ ६२ ॥

अन्वयः—हे सति ! सुविपुलात्मनि यत्र (कपोलयुगे) हरिः प्रतिदिनम् निजम् प्रतिबिम्बम् अवेक्षते, विभासितकुण्डलम् जितदर्पणम् तव तत् कपोलयुगम् विभाति ॥ ६२ ॥

अर्थ—सती साध्वी श्रीराधे ! तुम्हारे जिस निर्मल कपोल-युगल में श्यामसुन्दर श्रीहरि प्रतिदिन अपना प्रतिबिम्ब निहारते

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हैं तथा जहाँ सतत कुण्डल उद्भासित होते रहते हैं तुम्हारे वे दर्पण को पराजित करनेवाले अत्यन्त स्वच्छ कपोलयुगल बहुत शोभा पा रहे हैं ॥ ६२ ॥

मृगीदृशां विनयनं नयनद्वयम्

वियति खञ्जनयुग्ममुदञ्चति
सरसि वा शफरीयुगमानने ।
हरिमनोहरणं हरिणीदृशां
विनयनन्नयनद्वयमस्ति ते ॥ ६३ ॥

अन्वयः—श्रीराधे ! (किम्) वियति (नभसि) खञ्जनयुग्मम् उदञ्चति ? वा आनने सरसि शफरीयुगम् (उल्लसति) (नहि नहि) इदम् ते हरिमनोहरणम् हरिणीदृशाम् विनयनम् नयनद्वयम् अस्ति ॥६३॥

अर्थ—श्रीराधे ! क्या यहां के आकाश में दो खञ्जन उड़ रहे हैं ? या मुखमण्डलरूपी सरोवर में युगल मीन उल्लसित हो रहे हैं ? (नहीं नहीं) ये तो श्यामसुन्दर के मन को हर लेनेवाले तथा हरिणियों के नेत्रों को अथवा मृगलोचना युवतियों को लीलापूर्ण निरीक्षण (चितवन) एवं कटाक्षपात आदि की शिक्षा देनेवाले तुम्हारे दोनों नेत्र हैं ॥ ६३ ॥

भ्रुकुटिधनुषी

द्वयमिदं धनुषो भ्रुकुटिच्छला-
त्सुनयने नयनोपरि ते दृढम् ।
दृगिषवो व्यथयन्ति यतश्च्युता
हरिमनोऽरिमनोरथखण्डनम् ॥ ६४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—सुनयने ! ते नयनोपरि भ्रुकुटिच्छलात् इदम् दृढम् धनुषोः द्वयम् अस्ति; यतः च्युताः दृगिषवः अरिमनोरथखण्डनम् हरिमनः व्यथयन्ति ॥६४॥

अर्थ—सुन्दर नेत्रोंवाली श्रीराधे ! तुम्हारे नेत्रों के ऊपर भौंहों के व्याज से ये अवश्य ही दो सुदृढ़ धनुष स्थापित हैं; जहां से छूटे हुए नयन-वाण शत्रुओं के मनोरथ का खण्डन करनेवाले श्यामसुन्दर के मन को व्यथित कर देते हैं ॥ ६४ ॥

शुकनिभा नासिका

किमिह बिम्बफलं शुकशावको
रसयितुं रसिको यततेऽथवा ।
अधरसन्निकटे तव नासिका
सुरुचिरा रुचिराकृति राजते ॥ ६५ ॥

अन्वयः—किम् इह रसिकः शुकशावकः बिम्बफलम् रसयितुम् यतते ? अथवा अधरसन्निकटे तव सुरुचिरा नासिका रुचिराकृति यथा स्यात्तथा राजते ॥ ६५ ॥

अर्थ—श्रीराधे ! क्या इस मुखमण्डल में कोई रसिक शुक-शावक बिम्बफलका स्वाद लेने के लिये यत्नशील है ? अथवा तुम्हारे अधर के सन्निकट यह अत्यन्त सुन्दर नासिका अपनी रुचिर आकृति के कारण शोभा पा रही है ॥ ६५ ॥

चिबुके मृगमदतिलकम्

मृगमदेन कृतं तिलकं शुभे-
ऽथिचिबुकं तव चारु चकास्त्यहो ।
छविमहोदधिमध्यनिमज्जिता
सुरसरा रसराजतनूरिव ॥ ६६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—शुभे ! तव अधिचिबुकम् मृगमदेन कृतम् चारु तिलकम् छविमहोदधिमध्यनिमज्जिता सुरसरा (सुरसम् राति ददाति इति सुरसरा—सुमधुररसप्रदा) रसराजतनूः इव चकास्ति । अहो अस्य सौन्दर्यम् ॥६६॥

अर्थ—शुभे ! तुम्हारी ठोढ़ी में जो कस्तूरी द्वारा निर्मित मनोहर तिलक है, वह छवि के महासागर में डूबे हुए रसराज (शृङ्गार) के सुमधुर रसप्रदान करनेवाले श्याम शरीर की भांति शोभा पा रहा है। कैसा आश्चर्यजनक है, इसका सौन्दर्य ? ॥ ६६ ॥

कुण्डलमण्डितगण्डयोरभिरामता

रुचिरचन्दनचित्रितगण्डयोः
श्रवणकुण्डलमण्डितयोस्तव ।
हरिसुखां सुषमामिह कामपि
भुवनभावनभाविनि भावये ॥ ६७ ॥

अन्वयः—भुवनभावनभाविनि ! इह श्रवणकुण्डलमण्डितयोः तव रुचिरचन्दनचित्रितगण्डयोः हरिसुखाम् काम् अपि सुषमाम् भावये ॥६७॥

अर्थ—भुवन-भावन श्रीहरि की भावती ! यहां श्रवणगत कुण्डलों से मण्डित तथा रुचिर चन्दन से चित्रित तुम्हारे युगल कपोलों में मैं श्रीहरि को सुख प्रदान करनेवाली किसी अनिर्वचनीय शोभा की भावना करती हूँ ॥ ६७ ॥

सीमन्तगतसिन्दूरसौन्दर्यम्

तव ललाटतटेऽलकसीमनि
अरुणरागसुभाग्यकलाच्छलात् ।
निचितधूमयुताग्निशिखा न्वसौ
शमयतामयतान्तरघानि नः ॥ ६८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—तव ललाटतटे अलकसीमनि अरुणरागसुभाग्यकलाच्छलात् निचितधूमयुता असौ अग्निशिखा नः अयतान्तरघानि शमयताम् ॥६८॥

अर्थ—तुम्हारे ललाट के किनारे अलकों की मध्यसीमा में लाल रंग की सौभाग्य-रेखा के वहाने जो वह धूमराशि से युक्त अग्निशिखा शोभा पाती है, वह हमारे अजित अन्तःकरण के समस्त पापों का प्रशमन करे ॥ ६८ ॥

सुवासितालंकृतकेशा केशवप्रिया दयताम्

अगुरुधूमसुवासितसंस्कृता-
लकसुवेशनिवेशितमल्लिका ।
कुसुमहारहसत्कबरीभरा
सदयिता दयिता दयतां हरेः ॥ ६९ ॥

अन्वयः—अगुरुधूमसुवासितसंस्कृतालकसुवेशनिवेशितमल्लिका कुसुमहारहसत्कबरीभरा हरेः दयिता सदयिता (सती) दयताम् ॥ ६९ ॥

अर्थ—जिनके अगुरुधूम से सुवासित तथा संस्कार-साधनों द्वारा संस्कृत (संवारे गये) अलकों के सुवेशविन्यास में मल्लिका पुष्प का सन्निवेश किया गया है तथा जिनका कबरीभार फूलों के हार से हँसता-सा जान पड़ता है, वे श्रीहरिप्रिया राधा अपने प्रियतम के साथ रहकर हम सब पर दया करें ॥ ६९ ॥

निकुञ्जगतायां अलसता गतित्वरा च

प्रियतमाङ्कगता शयनाद्गता
खगरवाद् गृहमेतुमिवोद्यता ।
उभयभावजुषस्तव राधिके
अलसता लसतात् सगतित्वरा ॥ ७० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—राधिके ! प्रियतमाङ्कगता सती शयनादृता (शयने धृतादरा) खगरवाद् (खगशब्दं श्रुत्वा 'ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे चे'ति पञ्चमी) गृहम् एतुम् इव उद्यता भवसि। एवम् उभयभावजुषः तव सगतित्वरा अलसता (सदा) लसतात् ॥ ७० ॥

अर्थ—सखी राधिके ! तुम निकुञ्जभवन में प्रियतम की अङ्कशायिनी होने के कारण शयन-क्रिया में ही आदर का भाव धारण करती हो और पक्षियों का कलरव सुन कर प्रातःकाल होने का अनुमान करके घर जाने को भी उद्यत-सी होती हो। इस प्रकार मन में दो-तरह के भाव धारण करनेवाली तुझ हरिप्रिया की घर जाने की उतावली के साथ-साथ जो अलसता (उठने में विलम्ब करने की चेष्टा) है, वह सदा शोभित होती रहे ॥ ७० ॥

शयनात्समुत्थितयोः प्रियाप्रेष्ठयोरर्चनम्

सखि समुत्थितयोः शयनात् कदा
नवनिकुञ्जगृहे निभृते न्वहम् ।
धृतप्रसाधनयोरनुसाधये
शुभवतोर्भवतोः शुभर्चनम् ॥ ७१ ॥

अन्वयः—सखि ! निभृते नवनिकुञ्जगृहे शयनात् समुत्थितयोः (मया) धृतप्रसाधनयोः शुभवतोः भवतोः (प्रियाप्रियतमयोः), अहम् नु कदा शुभम् अर्चनम् अनुसाधये ॥ ७१ ॥

अर्थ—सखी राधिके ! निभृत नवनिकुञ्जसदन में आप दोनों शयन से जाग उठे हैं; मैंने आप के अस्तव्यस्त शृङ्गार को पुनः ठीक से धारण करा दिया है; उस दशा में आप दोनों मङ्गलशाली

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नित्य-नूतन दम्पति की मैं निश्चितरूप से कब शुभ अर्चना (मङ्गल आरती) करूँगी ? ॥ ७१ ॥

दयितयोर्वचनरचना

मधुरमालपतोः सरसं मिथो
नवलतासदनाद् वदनाच्च्युता ।
सुमुखि वां रचना वचनावलेः
श्रुतिसुखातिसुखाय भवेत् कदा ॥ ७२ ॥

अन्वयः—सुमुखि! नवलतासदनात् मिथः सरसम् मधुरम् आलपतोः वाम् (युवयोः) वदनात् च्युता श्रुतिसुखा वचनावलेः रचना कदा मम अतिसुखाय भवेत् ॥ ७२ ॥

अर्थ—सुन्दरमुखी श्रीराधे! नूतनलताभवन में स्थित होकर परस्पर सरस मधुर वार्तालाप करते हुए आप-दोनों प्रियाप्रियतम के मुख से जो श्रवणसुखदायिनी वचनरचना प्रकट होती है, वह कब मुझे अतिशय सुख प्रदान करनेवाली होगी ? (अर्थात् मैं कब उस वचनरचना को सुनने का सौभाग्य प्राप्त करूँगी ? ॥ ७२ ॥

सेवाभावना—तत्र प्रियायाः प्रसाधनमन्दिरे प्रवेशः

सह मया च निजानुजया कदा
विनिहितात्मभुजा गल आवयोः ।
निजप्रसाधनमन्दिरमेष्यसि
स्मितविभातविभाभरभूषितम् ॥ ७३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—मया च निजानुजया सह आवयोः गले विनिहितात्मभुजा सती त्वम् कदा स्मितविभात्तविभाभरभूषितम् निजप्रसाधनमन्दिरम् एष्यसि ॥ ७३ ॥

अर्थ—सखी ! तुम मेरे तथा अपनी छोटी बहिन के साथ हम दोनों के कंधों पर अपनी बाँहें रखकर—(हमें गलबाँही दिये) कब अपनी मन्द मुसकान की प्रभा से प्राप्त प्रकाशपुञ्ज से विभूषित निजी प्रसाधनमन्दिर (शृङ्गारसदन) में प्रवेश करोगी ? ॥ ७३ ॥

पादप्रक्षालनम्

स्थितवती वरहेमसुखासने
कनकपीठधृते नवभाजने ।
सखि मया किल कारयसे कदा
प्रपदयोः पदयोरभिषेचनम् ॥ ७४ ॥

अन्वयः—सखि ! (तत्र) वरहेमसुखासने स्थितवती त्वम् कनकपीठधृते नवभाजने (स्थितयोः) पदयोः च प्रपदयोः किल मया कदा अभिषेचनम् कारयसे ॥ ७४ ॥

अर्थ—सखी ! वहाँ सुन्दर स्वर्णसिंहासन पर बैठकर तुम अपने सामने रखे गये कनकपीठ पर स्थापित नूतन पात्र में स्थित अपने युगल चरणों एवं उनके अग्रभागों का अवश्य ही मेरे द्वारा कब प्रक्षालन कराओगी ? ॥ ७४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पादपूजनम्

नवपटाञ्चलप्रोञ्छितयोः पुन-
र्मम सुकेशविशोपितयोः कदा ।
सखि करोमि सयावकभूपयो-
रनु तयोर्नुतयोः परिपूजनम् ॥ ७५ ॥

अन्वयः—सखि ! अनु—पश्चात् नवपटाञ्चलप्रोञ्छितयोः पुनः मम सुकेशविशोषितयोः सयावकभूषयोः नुतयोः तयोः कदा पूजनम् करोमि ॥ ७५ ॥

अर्थ—सखी ! तत्पश्चात् मैं नयी साड़ी के आँचल से उन्हें पोछूँगी, फिर अपने केशों से उनका पानी सुखाकर उनमें महावर लगा नूपुर पायजेब आदि गहने पहनाऊँगी तथा उनका स्तवन करूँगी, उसके बाद उन चरणों का विविध उपचारों द्वारा पूजन करूँगी—यह शुभ अवसर मुझे कब प्राप्त होगा ? ॥ ७५ ॥

करारविन्दयोः शृङ्गारः

सलिलसंस्कृतयोः कररञ्जनी-
रचितपत्रकयोर्मणिभूषणैः ।
बहुविधैर्विदधामि कदा तव
सुकरयोः करयोः किल भूषणम् ॥ ७६ ॥

अन्वयः—(तदनु) सलिलसंस्कृतयोः कररञ्जनीरचितपत्रकयोः तव सुकरयोः करयोः किल बहुविधैः मणिभूषणैः कदा भूषणम् विदधामि (वर्तमानसामीप्याद् विधास्यामीत्यर्थः) ॥ ७६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—तत्पश्चात् जल से धोकर जिनका संस्कार किया गया है तथा मेहदी द्वारा जिनमें पत्र-रचना की गयी है, तुम्हारे उन सुन्दर किरणजाल से प्रकाशित दोनों हाथों को निश्चय ही बहुविध मणिमय आभूषणों द्वारा मैं कब विभूषित करूँगी ? ॥ ७६ ॥

दशनधावनादिसेवा

दशनधावनतो बहिरन्तरे
शुचिसुवासजलेन विशोधितम् ।
समभिषिच्य मुखं तव प्रोञ्छयै
सुवसना वसनाञ्चलतः कदा ॥ ७७ ॥

अन्वयः—(तदनु) दशनधावनतः शुचिसुवासजलेन बहिरन्तरे विशोधितम् तव मुखम् समभिषिच्य सुवसना अहम् कदा वसनाञ्चलतः प्रोञ्छयै ? ॥ ७७ ॥

अर्थ—तदनन्तर दन्तधावन (दांतन) करा कर पवित्र और सुगन्धित जल द्वारा बाहर तथा भीतर से भी विशोधित तुम्हारे मुख को ऊपर से धोकर सुन्दर वस्त्रवाली मैं गोपिका कब अपने अञ्चल से पोंछूँगी ? ॥ ७७ ॥

सुगन्धतैलमर्दनम्

विमलमेव वपुस्तव भोः कदा
विमलयन्त्यधिकं हरिवल्लभे ।
अमलतैलमहं मृदु मर्दयै
नु सुमनोऽसुमनोरमसौरभम् ॥ ७८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—भोः हरिवल्लभे! तव विमलम् एव वपुः नु अधिकम् विमलयन्ती अहम् कदा तत्र सुमनोऽसुमनोरमसौरभम् अमलतैलम् मृदु (यथा स्यात्तथा) मर्दयै ॥ ७८ ॥

अर्थ—हे श्रीहरिप्रिये! तुम्हारे निर्मल कलेवर को ही अवश्य अधिकाधिक निर्मल करती हुई मैं कब उसमें देवताओं के भी प्राणों और मन को मोह लेनेवाली सुगन्ध से युक्त निर्मल तैल धीरे धीरे मलूँगी? ॥ ७८ ॥

सुरभिवस्तुसंग्रहणम्

अवयवांस्तव चारु समर्चितुं
सुरभिवस्तु चतुःसमचन्दनम्।
अयि करोमि कदा समुपस्थितं
सहृदये हृदयेश्वरि ते सुखम् ॥ ७९ ॥

अन्वयः—अयि सहृदये! हृदयेश्वरि! तव अवयवान् चारु समर्चितुम् कदा ते सुखम् सुरभिवस्तु चतुःसमचन्दनम् समुपस्थितम् करोमि ॥ ७९ ॥

अर्थ—हे सखी! तुम सहृदया हो और मेरे हृदय की स्वामिनी हो, तुम्हारे अङ्गों की परम सुन्दर अर्चना करने के लिये कब मैं तुम्हें सुखद प्रतीत होनेवाली सुगन्धित वस्तुएँ तथा चतुःसम[1] चन्दन उपस्थित करूँगी? ॥ ७९ ॥

---

१. चन्दन, अगर, केसर और कुंकुम का बराबर-बराबर भाग मिलाकर जो अनुलेप तैयार किया जाता है, वही चतुःसम है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अङ्गेष्वनुलेपनार्पणम्

अवयवेषु कदानुमता त्वया
तदनुलेपनतल्लजमर्पये ।
यदनुभूय हरिर्हृदि मोदतां
मदनमोहनमोहनविग्रहः ॥ ८० ॥

अन्वयः—त्वया अनुमता कदा (तव) अवयवेषु तत् अनुलेपन-तल्लजम् अर्पये; यद् अनुभूय मदनमोहनमोहनविग्रहः हरिः हृदि मोदताम् ॥ ८० ॥

अर्थ—स्वामिनि ! तुम्हारी आज्ञा पाकर मैं कब तुम्हारे अङ्गों में उस प्रशस्त अनुलेपन को लगाऊँगी, जिसका अनुभव करके कामदेव को भी मोहनेवाले मोहक शरीर से सुशोभित प्यारे श्यामसुन्दर मन ही मन आनन्द प्राप्त करेंगे ॥ ८० ॥

अलकसंस्करणम्

अमलकल्कचयैः शुचिगन्धिभिः
शकलितामलकैरपि मेदुरैः ।
अलकसंस्करणं विदधै कदा
तव सुधावसुधाधरपल्लवे ॥ ८१ ॥

अन्वयः—सुधावसुधाधरपल्लवे ! कदा अहम् शुचिगन्धिभिः अमल-कल्कचयैः मेदुरैः शकलितामलकैः अपि तव अलकसंस्करणम् विदधे ? ॥ ८१ ॥

अर्थ—सखी ! तुम्हारा अधर-पल्लव सुधा की वसुधा है । हरिप्रिये ! कब मैं पवित्र सुगन्ध से युक्त अमल कल्क (केश संस्कार के लिये तैयार की गयी सुगन्धित खली) द्वारा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तथा चिकने-गीले आँवले के टुकड़ों से तुम्हारे केशों का संस्कार करूँगी ? ॥ ८१ ॥

स्नपनम्

अशिशिरे शिशिरैः सलिलैः शुभै-
रशिशिरैः शिशिरे समये तथा ।
सुविदधै सुखदं स्नपनं कदा
धृतरसा तरसा तव सुन्दरि ॥ ८२ ॥

अन्वयः—सुन्दरि ! धृतरसा अहम् कदा अशिशिरे समये शिशिरैः शिशिरे समये च अशिशिरैः शुभैः सलिलैः तरसा तव सुखदम् स्नपनम् विदधे ॥ ८२ ॥

अर्थ—सुन्दरी ! श्रीराधे ! मन-ही-मन रस का अनुभव करती हुई मैं कब अशीतकाल में शीतल और शीतकाल में अशीतल शुभ सलिल के द्वारा तुम्हें सुख देने के लिये शीघ्रतापूर्वक स्नान कराऊँगी ? ॥ ८२ ॥

अलकानां प्रोञ्छनम्

नवलचन्द्रिकयेव विधुर्घनान्
धवलशाटिकया सजलालकान् ।
तव करोमि कदा परिप्रोञ्छिता-
ननुपमेऽनुपमेयगुणप्रिये ॥ ८३ ॥

अन्वयः—अनुपमेयगुणप्रिये अनुपमे श्रीराधे ! विधुः नवलचन्द्रिकया घनान् इव अहम् धवलशाटिकया तव सजलालकान् कदा परिप्रोञ्छितान् करोमि ॥ ८३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—अनुपम गुणों से प्यार करनेवाली अनुपमे श्रीराधे ! जैसे चन्द्रमा अपनी नवल चन्द्रिका से काले बादलों का प्रोञ्छन करता हो, उसी प्रकार मैं धवल शाटिका (सफेद साड़ी) से तुम्हारे केश-कलापों को कब पोंछूँगी ? ॥ ८३ ॥

तनुप्रोञ्छनम्

निजकरैरुदयाद्रिमिवोष्णगु-
विमलकोमलसूक्ष्मपटैः कदा ।
तनुमियं तव किङ्करिकाऽऽमृशेत्
कमलभामलभां हरिवल्लभाम् ॥ ८४ ॥

अन्वयः—उष्णगुः (सूर्यः) निजकरैः उदयाद्रिम् इव इयम् किङ्करिका विमलकोमलसूक्ष्मपटैः कदा तव कमलभाम् हरिवल्लभाम् तनुम् आमृशेत् ॥ ८४ ॥

अर्थ—जैसे सूर्य अपनी किरणों से उदयाचल का स्पर्श करता है, उसी प्रकार यह किङ्करी निर्मल कोमल सूक्ष्म वस्त्रों से कब तुम्हारे स्वर्णकमल की-सी कान्तिवाले असुलभ एवं हरिवल्लभ कलेवर का प्रोञ्छन करेगी ? ॥ ८४ ॥

वपुषि नवनीलाम्बरपरिधापनम्

वपुषि ते नु कदा परिधापयै
सुखचितं वसनं नवनीलभम् ।
घनमिव द्युमणौ द्युतिमद्वरैः
सुनयने नयनेन्द्रियनन्दनम् ॥ ८५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—सुनयने ! द्युमणौ घनम् इव ते वपुषि सुखचितम् नवनीलभम् (अत एव) हरेः नयनेन्द्रियनन्दनम् द्युतिमद् वसनम् अहम् कदा परिधापये ॥ ८५ ॥

अर्थ—मनोहर नेत्रोंवाली श्रीराधे ! सूर्यमण्डल पर छायी हुई श्याम घन की घटा की भाँति तुम्हारे शरीर पर सुन्दर जरी के काम से शोभित नूतन नील रंगवाली एवं श्रीहरि के नेत्रेन्द्रिय को आनन्द प्रदान करनेवाली चमकीली साड़ी मैं कब पहनाऊँगी ? ॥ ८५ ॥

घनवदावरणं स्थिरविद्युति
वपुषि हेमनिभे धृतनीलिम ।
तव हरेरनुरागविवर्धनं
प्रवरमम्बरमम्ब विराजताम् ॥ ८६ ॥

अन्वयः—अम्ब ! स्थिरविद्युति घनवत् तव हेमनिभे वपुषि हरेः अनुरागविवर्धनम् प्रवरम् धृतनीलिम अम्बरम् आवरणम् विराजताम् ॥ ८६ ॥

अर्थ—माँ ! सुस्थिर विद्युत् पर घन की भाँति तुम्हारे कनककान्ति कलेवर पर, श्यामसुन्दर के अनुराग को बढ़ानेवाला श्रेष्ठतम नील वसनमय आवरण सुशोभित हो ॥ ८६ ॥

अगुरुधूमेनालकानां वासनम्

हरिमनोमृगबन्धनजालवद्
विलसितानसितानलकांस्तव ।
अगुरुधूमचयेन सुवासये-
ऽव्यवहिताऽवहिता च कदा शुभे ॥ ८७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—शुभे ! कदा अहम् अव्यवहिता अवहिता च सती हरिमनो-मृगबन्धनजालवद् विलसितान् तव अलकान् अगुरुधूमचयेन सुवासये ॥८७॥

अर्थ—कब मैं तुम्हारे अव्यहित सन्निधान में रहकर सावधानी के साथ श्यामसुन्दर के मनरूपी मृग को बाँधने के लिये बिछे हुए जाल की भाँति सुशोभित तुम्हारे अलकों को अगुरु की धूमराशि से सुवासित करूँगी ? ॥ ८७ ॥

प्रसाधनस्योपक्रमः

इदमनुत्तममासनमास्यता-
मिह करोमि किशोरि प्रसाधनम् ।
त्वयि विमोहयितुं निजवल्लभं
सफलता फलतादिति साधये ॥ ८८ ॥

अन्वयः—किशोरि ! इदम् अनुत्तमम् आसनम् आस्यताम्, इह तव प्रसाधनम् करोमि । किमर्थमिति चेच्छृणु, त्वयि निजवल्लभम् विमोहयितुम् सफलता फलतात् इति (ते प्रसाधनम्) साधये ॥ ८८ ॥

अर्थ—किशोरि ! इस परम उत्तम आसन पर विराजमान होइये मैं यहाँ आपका शृङ्गार करूँगी; यदि पूछें किसलिये ? तो सुनिये—आपमें अपने प्राणवल्लभ को विशेष रूप से मोहित करने की सफलता फलित हो, इसी उद्देश्य से मैं आज आप को आकर्षक शृङ्गार धारण कराऊँगी ॥ ८८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नासिकायां मुक्ताफलकम्, श्रवणयोः कुण्डलधारणं च

नसि तव स्फुरताद् वरमौक्तिकं
शुकमुखे नवदाडिमबीजवत् ।
भवतु कुण्डलयोरपि गण्डयो-
र्विहरणं हरणं मनसो हरेः ॥ ८९ ॥

अन्वयः—सखि ! शुकमुखे नवदाडिमबीजवत् तव नसि वरमौक्तिकम् स्फुरतात् । गण्डयोः अपि हरेः मनसो हरणम् कुण्डलयोः विहरणम् अस्तु ॥ ८९ ॥

अर्थ—सखी ! जैसे तोते की चोंच में अनार का दाना सुशोभित होता है, उसी प्रकार तुम्हारी नासिका में मोती की बुलाक झलकती रहे तथा तुम्हारे दोनों कपोलों पर भी श्रीहरि के मन को हर लेनेवाला युगल रत्नमय कुण्डलों का विहार (लीला-विलास) होता रहे ॥ ८९ ॥

भाले कपोलयोश्च रुचिरपत्ररचना

अधिललाटमहं च कपोलयो
रुचिरपत्रलता रचये तव ।
उडुततीरधिसन्ध्यमिवाम्बरे
सुविधिना विधिनारदपूजिताः ॥ ९० ॥

अन्वयः—अहम् अधिसन्ध्यम् अम्बरे उडुततीः इव तव अधिललाटम् च कपोलयोः विधिनारदपूजिताः रुचिरपत्रलताः सुविधिना रचये ॥ ९० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—श्रीराधे ! सन्ध्याकालिक आकाश में तारों की पङ्क्तियों के समान तुम्हारे ललाट और कपोलों में ब्रह्मा जी तथा नारद जी के द्वारा प्रशंसित सुन्दर पत्रलताओं की उत्तम विधि से रचना करूँगी ॥ ९० ॥

कटौ रसनान्वितहाटकाङ्कितनीलशाटिकाधारणम्

नवमनु स्नपनं सखि नीलभं
मृदुलशाटकमङ्कितहाटकम् ।
कटितटं रशनापरिवेष्टित-
मनुहरे नु हरे रतिवर्धनम् ॥ ९१ ॥

अन्वयः—सखि ! स्नपनम् अनु तव कटितटम् रशनापरिवेष्टितम् हरेः रतिवर्धनम् अङ्कितहाटकम् नवम् नीलम् मृदुलशाटकम् नु [1]अनुहरे (प्रापयामि) ॥ ९१ ॥

अर्थ—सखि ! स्नान के पश्चात् तुम्हारे कटितट में करधनी से परिवेष्टित एवं श्रीहरि की प्रीति को बढ़ानेवाली, सुवर्णसूत्र से खचित तथा नील रंग की कोमल रेशमी साड़ी अवश्य धारण कराऊँगी ॥ ९१ ॥

---

१. यद्यपि—अनुपूर्वकस्य हृधातोरनुकरणेऽर्थे बहुधा प्रयोगो दृश्यते, तथापि अत्र प्रापणार्थकस्य हरतेः प्रापणमेवार्थं विवक्षाविषयीकृत्य प्रयोगो बोध्यः ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

केशेषु कवरीरचना

विविधदिव्यसुमैः समलङ्कृता-
मकलया कलया परिकल्पिताम् ।
शिरसि ते कवरीं प्रवरीयसीं
सुरुचिरां रुचिरां रचयाम्यहम् ॥ ९२ ॥

अन्वयः—अहम् ते शिरसि विविधदिव्यसुमैः समलंकृताम् अकलया कलया परिकल्पिताम् सुरुचिराम् रुचिराम् प्रवरीयसीम् कवरीम् रचयामि ॥ ९२ ॥

अर्थ—अब मैं तुम्हारे सिर पर विविध दिव्य पुष्पों से अलंकृत, अचिन्त्य कला से परिकल्पित तथा सुरुचि उत्पन्न करनेवाली सुन्दर एवं श्रेष्ठतम कवरी (वेणी) की रचना कर रही हूँ ॥ ९२ ॥

वदने ताम्बूलवीटिकार्पणम्

शकलितैः क्रमुकैः सुधयैलया
खदिरजेन च सौरभिणान्विताः ।
भुजगवल्लिविनिर्मितवीटिकाः
सुवदने वदने विनिवेदये ॥ ९३ ॥

अन्वयः—सुवदने ! शकलितैः क्रमुकैः, सुधया, एलया सौरभिणा खदिरजेन च अन्विताः भुजगवंल्लिविनिर्मितवीटिकाः तव वदने विनिवेदये ॥ ९३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—सुमुखी श्रीराधे! कटी हुई सुपारी, चूना, इलायची तथा सुगन्धित कत्था आदि से युक्त पान की बीडियाँ मैं तुम्हारे मुख में अर्पित करती हूँ ॥ ९३ ॥

अरुणरागधराधरमाननं
विकसितं लसितं कमलाधिकम् ।
हरिमनोमधुपं तव राधिके
किमधुना मधुना न धुनात्यहो ? ॥ ९४ ॥

अन्वयः—राधिके! अहो अरुणरागधराधरम् विकसितम् लसितम् कमलाधिकम् तव आननम् किम् अधुना मधुना हरिमनोमधुपं न धुनाति ? ॥ ९४ ॥

अर्थ—राधिके! अहो! अरुणरागधारी अधर से युक्त विकसित, शोभित तथा कमल या कमला के मुख से भी अधिक मनोहर तुम्हारा मुख क्या इस समय अपने मधुर मकरन्द से श्रीहरि के मनरूपी भ्रमर को कम्पित (चञ्चल) नहीं किये दे रहा है ? ॥ ९४ ॥

नयनयोरञ्जनम्

पुनरिदं रुचिरं विनियोजये
नयनयोरनुरञ्जनमञ्जनम् ।
अपि निरञ्जनमञ्जनवर्णतां
तव सदा वसदालि! ययोर्गतम् ॥ ९५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—आलि ! पुनः तव नयनयोः इदम् अनुरञ्जनम् रुचिरम् अञ्जनम् विनियोजये; ययोः सदा वसत् निरञ्जनम् अपि ब्रह्म अञ्जन-वर्णताम् गतम् अस्ति ॥ ९५ ॥

अर्थ—सखि ! फिर तुम्हारे उन नेत्रों में उन्हें अनुरञ्जित करने-वाला अञ्जन लगा रही हूँ; जिनमें नित्य निवास करने के कारण निरञ्जन ब्रह्म भी अञ्जनवर्णता (श्याम कान्ति) को प्राप्त हो गया है ॥ ९५ ॥

चिबुके कस्तूरिकाविन्दुः

क्वचन नीलमणिः कनकाचले
किमुत चारुरुचा चिबुकेऽञ्चिते ।
सुमुखि ! मार्गमदं तिलकं नवं
जयति ते यतितेन मयार्पितम् ॥ ९६ ॥

अन्वयः—सुमुखि ! कनकाचले क्वचन नीलमणिः अस्ति किम् ? उत ते चारुरुचा अञ्चिते चिबुके मया यतितेन (प्रयत्नपूर्वकम्) अर्पितम् मार्गमदम् तिलकम् जयति ॥ ९६ ॥

अर्थ—सुमुखी श्रीराधे ! कनकाचल (सुमेरु) पर कहीं नील-मणि प्रकाशित हो रही है ? अथवा मनोहारिणी सुनहरी कान्ति से शोभित तुम्हारी ठोढ़ी पर मेरे द्वारा यत्नपूर्वक रचित कस्तूरी की श्याम वेंदी अपना उत्कर्ष प्रकट कर रही है ? ॥ ९६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करयोः कमलस्थाने प्रियकरकमलधारणम्

दिनकरस्य करोऽपि ययोः पुरो
विरसतां समुपेत्य निरस्यते ।
प्रियकराब्जमुपेहि मुदे तयो-
र्न कमलं कमलं करयोः क्षमम् ॥ ९७ ॥

अन्वयः—ययोः पुरः दिनकरस्य करः अपि विरसतां समुपेत्य निरस्यते तयोः करयोः त्वं मुदे प्रियकराब्जम् उपेहि । कमलम् (कस्य जलस्य मलम्) कमलम् तयोः करयोः न क्षमम् ॥ ९७ ॥

अर्थ—सखी ! जिनके सामने सूर्य की किरण भी फीकी पड़ने के कारण निकाल बाहर की जाती है, उन दोनों हाथों में तुम अपनी प्रसन्नता के लिये प्यारे श्यामसुन्दर के कर-कमल को ही (लीला-कमल के रूप में) धारण किया करो । जल के मलरूप कमल उन हाथों के योग्य नहीं हैं ९७ ॥

गले पुष्पमालापरिधापनम्

स्रजमिमां सुखदां सुषमामयीं
तव गले विमलां परिधापये ।
विविधदिव्यतरूद्भवपुष्पकैः
सुरचितां रचितां विधिनैपुणात् ॥ ९८ ॥

अन्वयः—विविधदिव्यतरूद्भवपुष्पकैः विधिनैपुणात् रचिताम् सुरचिताम् इमाम् सुखदाम् सुषमामयीं विमलाम् स्रजम् तव गले परिधापये ॥ ९८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—सखी ! नाना प्रकार के दिव्य वृक्षों से उत्पन्न फूलों द्वारा जो रचनाकौशलपूर्वक रची गयी है, तथा देवताओं द्वारा जिसका चयन किया गया है, वह यह सुखदायिनी शोभामयी विमल पुष्पमाला मैं तुम्हारे गले में पहना रही हूँ ॥ ९८ ॥

दैन्यस्य श्रीराधाकृपाप्राप्तेर्हेतुत्वम्

न विभवो न कुलं न च वैदुषी
न समुपोषणमङ्गविशोषणम् ।
तव कृपाम्बुधिमाप्तुमिहेश्वरि
कृपणता पणतामुपगच्छति ॥ ९९ ॥

अन्वयः—हे ईश्वरि ! इह तव कृपाम्बुधिम् आप्तुम् कृपणता (दीनता) पणताम् (मूल्यरूपताम्) उपगच्छति, विभवो न, कुलं न, वैदुषी न, च अङ्गविशोषणम् समुपोषणम् न ॥ ९९ ॥

अर्थ—हे स्वामिनि ! इस जगत् में तुम्हारे कृपापारावार को प्राप्त करने के लिये केवल कृपणता (दीनता) ही पणता (मूल्यरूपता) को प्राप्त होती है । उसके लिये न तो वैभव का कोई मूल्य है, न कुल का, न विद्वत्ता का और न शरीर को सुखानेवाले उपवासात्मक तप का ही ॥ ९९ ॥

श्रीराधामतेनेन्द्रियवासनापरित्यागादेव
तदास्पदप्राप्तिर्विषयरागात् पतनं च

तव मतेऽवमतेन्द्रियवासनो
वसति यः स समेति तवास्पदम् ।
पतति स त्वचिरात्परमार्थतः
परमते रमते विषयेषु यः ॥ १०० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—यः अवमतेन्द्रियवासनः सन् तव मते (त्वच्चिन्तनपरतया) वसति स तवास्पदम् समेति; यः परमते विषयेषु रमते स तु अचिरात् परमार्थतः पतति ॥ १०० ॥

अर्थ—श्रीराधे ! जो इन्द्रियवासना का परित्याग करके तुम्हारे मत में रहता है—तुम्हारे भजन-चिन्तन में तत्पर रहता है, वह तुम्हारे धाम में जाता है—तुम्हारी सेवा का सौभाग्य प्राप्त करता है; परन्तु जो दूसरों के बहकावे में आकर या दूसरों की राय के अनुसार चल कर विषयों में रमता है, वह परमार्थ से भ्रष्ट हो जाता है ॥ १०० ॥

लीलाचिन्तनम्

त्वमुदरे निबबन्धिथ दामतो
हरिमपीति महामहिमा तव ।
वृतवतः शरणं चरणद्वयं
मघवतोऽघवतोऽपि समा गतिः ॥ १०१ ॥

अन्वयः—त्वम् हरिम् अपि दामतः उदरे निबबन्धिथ इति तव महामहिमा (विद्यते) तव चरणद्वयम् शरणम् वृतवतः मघवतः अघवतः अपि समा गतिः (भवति) ॥ १०१ ॥

अर्थ—तुमने श्रीहरि को भी उनके उदर में अपने नीवीबन्ध से बाँध लिया था, यह तुम्हारी बड़ी महिमा है; तुम्हारे दोनों चरणों की शरण लेनेवाले मघवान् (इन्द्र) हों या कोई अघवान् (पापी), दोनों की समान गति है ॥ १०१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

त्वमधिदोलमये परिदोलिता
निजसखीरपि खेलयसे तथा।
सहचरीरिव संमनुषेऽनुगाः
क्व समता समतामयि ते मता ॥ १०२ ॥

अन्वयः—अये समतामयि! त्वम् अधिदोलम् (सखीभिः) परिदोलिता सती निजसखीः अपि तथा खेलयसे अनुगाः सहचरीः इव संमनुषे ते क्व समता मता ॥ १०२ ॥

अर्थ—हे समतामयी श्रीराधे! जब तुम झूले पर सखियों द्वारा झुलायी जाती हो, तब अपनी सखियों को भी उसी प्रकार खेलने का अवसर देती हो अर्थात् उन्हें क्रमशः झूले पर बैठा कर स्वयं झुलाती हो, अनुचरियों को भी सहचरियों का-सा सम्मान देती हो; भला तुम्हारी समानता कहाँ है? ॥ १०२ ॥

पुनर्दर्शनप्रार्थना

अयि गृहाण प्रणामपरम्परां
झटिति जीवय दर्शनदानतः।
अनुचरी किल काचन गोपिका
कविरहं विरहं तव नोत्सहे ॥ १०३ ॥

अन्वयः—अयि प्रणामपरम्पराम् गृहाण झटिति दर्शनदानतः जीवय अहम् किल तव अनुचरी काचन गोपिका कविः अस्मि, तव विरहम् न उत्सहे ॥ १०३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थ—देवि ! तुम मेरा वारंवार प्रणाम स्वीकार करो और शीघ्र दर्शन देकर जीवनदान दो, मैं निश्चय ही तुम्हारी अनुचरी कोई गोपिका कवि हूँ; तुम्हारा विरह मुझ सेविका से नहीं सहा जाता है ।। १०३ ।।

प्रियसुखसुखितया हरेः परात्मा राधा

निजसुखं न सुखं मनुषे शुभे
प्रियतमस्य सुखं हि सुखं तव ।
रसपतेरसि भावमयी प्रिया
त्वपरमा परमात्मतया स्थिता ।। १०४ ।।

अन्वयः—शुभे ! निजसुखम् सुखम् न मनुषे हि प्रियतमस्य सुखम् तव सुखम् अस्ति, त्वम् तु रसपतेः हरेः भावमयी अपरमा (नास्ति परमो यस्याः सा) परमात्मतया स्थिता प्रिया असि ॥ १०४ ॥

अर्थ—शुभे ! तुम अपने सुख को सुख नहीं मानतीं, क्योंकि प्रियतम का सुख ही तुम्हारा सुख है, तुम तो रसराज श्यामसुन्दर की भावमयी (महाभावस्वरूपा) सर्वोत्कृष्टा एवं 'परम आत्मा' रूप से स्थित प्राणवल्लभा हो ।। १०४ ।।

वासनापरतन्त्रतया नाहं त्वामनुसर्तुं क्षमः, त्वं तु कृपयितुं समर्था स्वतन्त्रत्वादित्याह—

विविधवासनया विनियन्त्रिता
न भवतीमनुसर्तुमहं क्षमा ।
कृपय मां स्वयमेत्य कृपामयि
न भवती भवतीह पराश्रिता ।। १०५ ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—कृपामयि ! विविधवासनया विनियन्त्रिता अहम् भवतीम् अनुसर्तुम् न क्षमा; स्वयम् एत्य माम् कृपय इह भवती पराश्रिता न भवति ॥ १०५ ॥

अर्थ—मैं नाना प्रकार की वासना से बंधी हुई हूँ, इसलिये तुम्हारा अनुसरण करने में समर्थ नहीं हो पाती हूँ। तुम स्वयं आकर मुझपर कृपा करो; क्योंकि यहाँ तुम दूसरे किसी के अधीन नहीं हो ॥ १०५ ॥

श्रीराधानामरूपगुणकीर्त्तनामभिरुचिः

रसनया तव नामरसग्रहं
नयनतस्तव रूपनिरूपणम् ।
श्रवणतः सहरेर्गुणसंग्रहं
सुरसिके रसिकेश्वरि कामये ॥ १०६ ॥

अन्वयः—सुरसिके रसिकेश्वरि ! रसनया तव नामरसग्रहम्, नयनतः तव रूपनिरूपणम्, श्रवणतः सहरेः तव गुणसंग्रहम् कामये ॥ १०६ ॥

अर्थ—सुरसिके ! रसिकेश्वरि ! मैं जिह्वा से तुम्हारे नामरस का आस्वादन, नेत्रों से तुम्हारे रूप का दर्शन तथा कानों से श्यामसुन्दरसहित तुम्हारे गुणों का संग्रहण (श्रवण) करना चाहती हूँ ॥ १०६ ॥

नामनिरुक्तिः

रासं धावसि सततं हरिणा चाराध्यसे ततो 'राधा'
स्वयमपि चाराधयसे हरिमिति ते 'राधिका'नाम ॥ १०७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—सखि ! त्वम् रासम् प्रति सततं धावसि च हरिणा आराध्यसे ततः 'राधा' असि; च स्वयम् अपि हरिम् आराधयसे इति ते नाम 'राधिका' अस्ति ॥ १०७ ॥

अर्थ—सखी ! तुम रास के प्रति सदा धावन करती (दौड़ती) हो और श्रीहरि तुम्हारी आराधना करते है इसलिये तुम 'राधा' नाम से विख्यात हो; स्वयं भी श्रीहरि की आराधना करती हो इसलिये तुम्हारा नाम 'राधिका' है ॥ १०७ ॥

नामाक्षरोच्चारणमहात्म्यम्

'रा'शब्दोच्चारणतः प्रीतः स्फीतः स माधवो मोदात् ।
धावति 'धा' शब्दोक्त्या 'राधा' नामामृतस्य लोभेन ॥ १०८ ॥

अन्वयः—'रा'शब्दोच्चारणतः स माधवः प्रीतः मोदात् स्फीतः भवति; 'धा'शब्दोक्त्या राधानामामृतस्य लोभेन (तम् वक्तारमनु) धावति ॥ १०८ ॥

अर्थ—'रा' शब्द का उच्चारण करने से श्यामसुन्दर माधव प्रीतियुक्त हो आनन्द से परिपुष्ट हो जाते हैं तथा 'धा' शब्द का उच्चारण होते ही वे राधानामामृत के (पान के) लोभ से उस वक्ता के पीछे दौड़ पड़ते हैं ॥ १०८ ॥

स्वदयैकसाध्याया राधाया अनुकम्पा

राध्या हरेरसि च साधनतोऽप्यसाध्या
साध्यादिसंस्तुतगुणा स्वदयैकसाध्या ।
कं पाति नैव विनतं न मुदामकम्पा
कं पात्रतां नयति देवि तवानुकम्पा ॥ १०९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—देवि ! हरेः राध्या असि च साधनतः अपि असाध्या असि, साध्यादिसंस्तुतगुणा स्वदयैकसाध्या असि, तव अकम्पा अनुकम्पा कम् विनतम् नैव पाति ? कम् मुदाम् पात्रताम् न नयति ? ॥ १०९ ॥

अर्थ—देवि ! तुम श्यामसुन्दर श्रीहरि की आराध्या हो, साधन से भी असाध्या हो, साध्य आदि देवगण तुम्हारे गुणों की स्तुति करते हैं, तुम एकमात्र अपनी दया से ही साध्या (सुलभ होने-वाली) हो, तुम्हारी अविचल कृपा किस प्रणतजन की रक्षा नहीं करती है ? तथा किसे मोद का पात्र नहीं बनाती है ? ॥ १०९ ॥

राधयैव रचितेयं स्तुतिर्मन्मुखात्प्रकटितेत्याह

स्थित्वा मयि प्रतिभया करुणाविशेषा—
देषा स्तुतिर्भगवति व्यरचि त्वयैव ।
सैवाधुना प्रकटिता भवसिन्धुसेतु—
र्हेतुर्मुदां भवतु ते दयितान्वितायाः ॥ ११० ॥

अन्वयः—हे भगवति ! मयि स्थित्वा त्वया एव प्रतिभया करुणा-विशेषात् एषा स्तुतिः व्यरचि, सा एव भवसिन्धुसेतुः स्तुतिः अधुना (मन्मुखात्) प्रकटिता सती दयितान्वितायाः ते मुदाम् हेतुः भवतु ॥ ११० ॥

अर्थ—हे भगवति ! मुझमें स्थित होकर तुमने ही अपनी प्रतिभा तथा करुणाविशेष से इस स्तुति की रचना की है। वही इस समय मेरे मुख से प्रकट हुई भवसागर से पार होने के लिये सेतुरूपा स्तुति प्रियतमसहित तुम्हारे मोद का हेतु बने ॥ ११० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्यामाश्यामं महः

घने विद्युल्लीलां नवकनकनीलाम्बुजरुचिं
दधानं सोल्लासं वृतविविधलास्यं वनभुवि ।
मिथोबद्धाश्लेषं विधृतवरवेषं रसमयं
महः श्यामाश्यामं मम दृगभिरामं विजयते ॥१११॥

अन्वयः—घने विद्युल्लीलाम् नवकनकनीलाम्बुजरुचिम्, दधानम्, वनभुवि सोल्लासम् वृतविविधलास्यम्, मिथोबद्धाश्लेषम्, मम दृगभिरामम्, रसमयम् श्यामाश्यामम् महः विजयते ॥ १११ ॥

अर्थ—जो घन के अङ्क में विद्युत् की लीला धारण करता है, नूतन सुवर्ण और नील कमल की मिश्रित कान्ति का आश्रय है, वृन्दावन की भूमि में बड़े उल्लास के साथ भाँति-भाँति की लास्य-लीला का वरण करता है, परस्पर आलिङ्गनपाश में आबद्ध है, जिसने सुन्दर वेश धारण कर रखा है तथा जो मेरे नेत्रों को अत्यन्त सुन्दर लगता है, वह रसमय श्यामगौर तेज सदा विजयी है ॥ १११ ॥

श्रीराधार्चाया महिमा

तवार्चायाः सन्तः सुखमनुभवन्तश्चरणयो-
र्न मोक्षस्याकाङ्क्षां जितविभववाञ्छां विदधते ।
सुभुञ्जानाः शाकानपि कथय साकाङ्क्षमनसो
वराकाः के राकारमणमुखि नाकाधिपपुरे ॥११२॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—हे राकारमणमुखि! तव चरणयोः अर्चायाः सुखम् अनुभवन्तः सन्तः मोक्षस्य जितविभववाञ्छाम् आकाङ्क्षाम् न विदधते, कथय (तेषु) शाकान् अपि सुभुञ्जानाः के वराकाः नाकाधिपपुरे साकाङ्क्षमनसः भवन्ति ॥ ११२ ॥

अर्थ—हे चन्द्रमुखी राधे! तुम्हारे चरणों की अर्चना के सुख का अनुभव करनेवाले सत्पुरुष वैभव की वाञ्छा को जीत लेने-वाली मोक्षविषयक आकाङ्क्षा को भी अपने हृदय में स्थान नहीं देते हैं। बताओ तो सही, उनमें से शाकमात्र खाकर रहनेवाले भी कौन-से ऐसे अभागे जीव हैं, जो नाकाधिपति इन्द्र के लोक में भी जाने की आकांक्षा कभी मनमें लाते हों? ॥ ११२ ॥

राधानाम्नो निरुपमं निरवधि च माधुर्यमित्याह—

अलीका मृद्वीका कटुरिव सिता भाति रसिता
न माधुर्यं मुग्धे शुचिसुरभिदुग्धेऽपि लसति।
नृणां निष्कामानां तव मधुरनामानि रटतां
मुखे साक्षाद् द्राक्षा भवति विषमा क्षारसदृशी ॥ ११३ ॥

अन्वयः—मुग्धे! तव मधुरनामानि रटताम् निष्कामानाम् नृणाम् मुखे मृद्वीका अलीका भाति, सिता रसिता कटुः इव भाति, शुचिसुरभि-दुग्धे अपि माधुर्यम् न लसति (किम् बहुना) साक्षात् द्राक्षा अपि क्षार-सदृशी विषमा भवति ॥ ११३ ॥

अर्थ—मुग्धे श्रीराधे! तुम्हारे मधुर नामों की रट लगानेवाले निष्काम प्रेमीजनों के मुख में मुनाके का मिठास भी नहीं के बराबर होता है, मिश्री भी चखने पर नाममाधुर्य के सामने कड़वी-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सी लगती है, पवित्र गोदुग्ध में भी माधुर्य की प्रतीति नहीं होती; अधिक क्या कहें ? साक्षात् द्राक्षा भी नमक के समान विषम जान पड़ती है ॥ ११३ ॥

श्रीराधाया असाधारणं गौरवम्

वन्दे राधां निराबाधामसाधारणगौरवाम्
आराधयति यामारादाराध्यो योगिनां हरिः ॥११४॥

अन्वयः—योगिनाम् आराध्यः हरिः याम् आरात् आराधयति ताम् असाधारणगौरवाम् निराबाधाम् राधाम् वन्दे ॥ ११४ ॥

अर्थ—योगियों के आराध्य श्रीहरि जिनकी निकट से आराधना करते हैं, उन असाधारण गौरवशालिनी बाधारहित राधा की मैं वन्दना करती हूँ ॥ ११४ ॥

स्तुतेर्महिमा

प्रियाप्रेष्ठपदाम्भोजप्रीतिदेयं स्तुतिर्यया ।
रामनारायणेनासौ तोषिता हरिवल्लभा ॥ ११५ ॥

अन्वयः—इयम् प्रियाप्रेष्ठपदाम्भोजप्रीतिदा स्तुतिः अस्ति, यया रामनारायणेन असौ हरिवल्लभा तोषिता ॥ ११५ ॥

अर्थ—यह प्रिया-प्रियतम (श्रीराधा-माधव) के चरणारविन्दों में प्रीति प्रदान करनेवाली स्तुति है, जिसके द्वारा रामनारायण ने श्री हरिवल्लभा (श्रीराधा) को सन्तुष्ट किया है ॥ ११५ ॥

इति श्रीहरिवल्लभास्तोत्रं सम्पूर्णम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिचयः

माता मोतीरानी स्नेहमयी यस्य लोकमातेव।
विष्णुरिव विष्णुदत्तः पिता शिवे भक्तिमाञ्छ्रेष्ठः॥
ज्येष्ठो गुणैर्वयोभिश्चन्द्रवलीति प्रसन्नहृद्वदनः।
जनक इव जनकराजश्चेतीमौ भ्रातरौ यस्य॥

सोऽहं सुतः कनीयान् पित्रोर्भ्रात्रोर्वशंवदः सततम्।
'रामनारायण'इतिनामा श्यामाङ्घ्रिगुणरसिकः॥
गृहिणी कौसल्याख्या शिवा च शान्तिश्च दुहितरौ तनयाः।
गीताप्रकाशदत्तो गिरीशदत्तो रमेशदत्तश्च॥

पाराशर्या वयमिह 'नदवा' ग्रामोऽस्ति जन्मभूर्विदितः।
गोरक्षनाथनगरे वासगृहं सोऽधुना पुरे शम्भोः॥
रामाक्षिव्योमचक्षुर्भिर्मिते वैक्रमवत्सरे।
राधाष्टम्यामभूत् पूर्णं राधास्तोत्रमिदं शुभम्॥

इति निवेदयति
पाण्डेयो रामनारायणदत्त शास्त्री साहित्याचार्यः
व्याख्याता—प्राचीन राजशास्त्रार्थशास्त्रविभागे
(वाराणसेये संस्कृतविश्वविद्यालये वाराणस्याम्)
संवत् २०२३ राधाष्टमी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi